रोहतक
मंगलवार, 9 दिसंबर 2025
पौष मास कृष्ण पक्ष,
पंचमी वर्ष : 29, अंक : 310
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 27.2
न्यून. 5.4

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 85,102.69 | 609.68 ▼ |
| निफ्टी | 25,960.55 | 255.90 ▼ |

| धातु | कीमत | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| सोना | 1,32,600/- | 300/- ▼ |
| चांदी | 1,85,000/- | 1500/- ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 90.09 | 14 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 63.37 बैरल | | 0.61% ▼ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

# विधानसभा का शीतकालीन सत्र 18 से, एचसीएस की मुख्य परीक्षा में अब 6 पेपर होंगे, एनसीआर में अधिकतम 10 साल चलेंगी डीजल गाड़ियां

## कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसलों पर मुहर

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र 18 दिसंबर से शुरू होगा। सत्र की अवधि का फैसला बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएसी) करेगी। चंडीगढ़ में सोमवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसलों पर मुहर लगी। बैठक में कुल 21 एजेंडे रखे गए, जिनमें से 19 मंजूर किए गए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि टूरिस्ट परमिट के तहत चलने वाली गाड़ियों की अवधि तय करने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट की एनसीआर क्षेत्र में चलने वाली पेट्रोल या सीएनजी गाड़ियों के लिए अधिकतम अवधि 12 साल तय की गई। इसी श्रेणी में डीजल गाड़ियों के लिए अधिकतम अवधि 10 साल तय की गई है। *(पेज 2 भी देखें)*



### 17 गांवों की तहसील बदलेगी

बैठक में यह भी फैसला हुआ कि नागरिकों को जमीनी स्तर पर बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए 6 जिलों के 17 गांवों और सेक्टरों को एक तहसील से दूसरी तहसील में स्थानांतरित किया जाएगा। लोगों की मांग पर सरकार ने इसे लेकर कमेटी बनाई थी।

### गाड़ियों की अवधि तय

ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट के तहत एनसीआर में चलने वाली पेट्रोल और सीएनजी गाड़ियों की अवधि 12 साल। वहीं, डीजल गाड़ियां 10 साल तक चलेंगी। **एनसीआर क्षेत्र से बाहर पेट्रोल सीएनजी और डीजल गाड़ियां 12 साल चलेंगी।** अन्य परमिट पर एनसीआर में पेट्रोल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक गाड़ियों की अवधि 15 साल होगी। वहीं डीजल की 10 साल होगी।

### एचसीएस मुख्य परीक्षा में कुल 600 अंक

नायब सैनी ने बताया कि हरियाणा सिविल सर्विसेज (कार्यकारी शाखा) नियमों में संशोधन को मंजूरी दी गई। एचसीएस मुख्य परीक्षा के पहले 4 पेपर्स की जगह अब 6 पेपर्स कर दिए गए हैं, जिनके कुल 600 नंबर होंगे। अब इंग्लिश और हिंदी के पेपर 100-100 नंबर के होंगे। इसके अलावा, अब 4 जनरल स्टडीज के पेपर होंगे और हर पेपर 100-100 नंबर का होगा।

### नगर निकायों के लिए नया अधिनियम

मंत्रिमंडल ने नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पालिकाओं के लिए नए अधिनियम को मंजूरी दी है। वर्तमान में 87 नगरपालिकाएं हैं, जो अलग-अलग अधिनियमों के तहत संचालित हो रही हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए नया अधिनियम हरियाणा नगर पालिका अधिनियम, 2025 लाया गया। नए अधिनियम का सभी को एक ही कानूनी ढांचे के अंतर्गत लाना है।

### कॉन्स्टेबल व सब-इंस्पेक्टर भर्ती नियमों में संशोधन

हरियाणा पुलिस में कॉन्स्टेबल और सब-इंस्पेक्टर के पदों पर सीधी भर्ती के लिए पंजाब पुलिस नियम, 1934 में संशोधन करने को मंजूरी प्रदान की गई। इन नियमों को पंजाब पुलिस (हरियाणा संशोधन) नियम, 2025 के रूप में अधिसूचित किया जाएगा। संशोधनों के तहत पंजाब पुलिस नियम, 1934 के नियम 12.16 में संशोधन किया है। मौजूदा उप-नियम (8) को प्रतिस्थापित करते हुए यह प्रावधान किया गया है कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग शारीरिक मापन परीक्षण और शारीरिक स्क्रीनिंग परीक्षण में उत्तीर्ण उम्मीदवारों में से प्रत्येक श्रेणी के विज्ञापित पदों की संख्या से दस गुना उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करेगा।

## राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर संसद में विशेष चर्चा | पीएम बोले-स्वतंत्रता आंदोलन का स्वर बन गया था वंदे मातरम् | हम सब इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बन रहे

# कांग्रेस ने वंदे मातरम् के टुकड़े किए, संविधान का गला घोंटा


## मोदी ने एक घंटे के संबोधन में विपक्ष पर बोला तीखा हमला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने एक घंटे की संबोधन में कहा, 'वंदे मातरम् अंग्रेजों को करारा जवाब था, ये नारा आज भी प्रेरणा दे रहा। आजादी के समय महात्मा गांधी को भी यह पसंद था। उन्हें यह गीत नेशनल एंथम के रूप में दिखता था। प्रधानमंत्री ने कहा, उनके लिए इस गीत की ताकत बड़ी थी। फिर पिछले दशकों में इसके साथ इतना अन्याय क्यों हुआ। वंदे मातरम् के साथ विश्वासघात क्यों हुआ। वो कौन सी ताकत थी, जिसकी इच्छा पूज्य बापू की भावनाओं पर भी भारी पड़ी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वंदे मातरम् के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख किया और 1975 में लगाए गए आपातकाल का हवाला देते हुए कहा कि जब राष्ट्रीय गीत के 100 वर्ष हुए, तब देश आपातकाल की जंजीरों में जकड़ा हुआ था और संविधान का गला घोंट दिया था।

*(संबंधित खबर पेज 5 पर)*

*हमारे लिए यह गर्व की बात है कि वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। वंदे मातरम् अंग्रेजों को करारा जवाब था, ये नारा आज भी प्रेरणा दे रहा।*

*आजादी के समय महात्मा गांधी को यह गीत पसंद था, उन्हें यह राष्ट्रगान के रूप में दिखता था। पिछले दशकों में इसके साथ अन्याय हुआ।*



*देशभक्ति के लिए जीने मरने वालों को जेल की सलाखों के पीछे बंद कर दिया, उन्हें वंदे मातरम् से ही ऊर्जा मिली।*

### वंदे मातरम् का स्मरण इस सदन का सौभाग्य

जिस मंत्र ने, जिस जयघोष ने देश के आजादी के आंदोलन को ऊर्जा और प्रेरणा दी थी, त्याग और तपस्या का मार्ग दिखाया था, उस वंदे मातरम् का पुण्य स्मरण करना इस सदन में हम सबका बहुत बड़ा सौभाग्य है। जब वंदे मातरम् के 50 वर्ष पूरे हुए थे, तब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। जब इसके 100 वर्ष पूरे हुए, तब देश आपातकाल के अंधेरे में था। आज जब इसके 150 वर्ष हो रहे हैं, तो भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### जिन्ना ने वंदे मातरम् के विरुद्ध बुलंद किया था नारा

मोदी ने कहा कि मोहम्मद अली जिन्ना ने लखनऊ से 15 अक्टूबर 1936 को वंदे मातरम् के खिलाफ नारा बुलंद किया। कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा। प्रधानमंत्री ने कहा कि बजाय इसके कि नेहरू मुस्लिम लीग के आधारहीन बयानों को करारा जबाब देते, उसकी निंदा करते, लेकिन उल्टा हुआ। उन्होंने वंदे मातरम् की ही पड़ताल शुरू कर दी।

### सभी धर्मों ने राष्ट्रगीत के नाम पर प्रदर्शन किया

मोदी ने वंदे मातरम् से जुड़ा किस्सा सुनाते हुए कहा- 20 मई 1906 को बारीसाल (अब बांग्लादेश में है) में वंदे मातरम जुलूस निकाला, जिसमें 10 हजार से ज्यादा लोग सड़कों पर उतरे थे। इसमें हिंदू और मुस्लिम समेत सभी धर्म और जातियों के लोगों ने वंदे मातरम् के झंडे हाथ में लेकर सड़कों पर मार्च किया था।

### वंदे मातरम् पर आज बहस क्यों : प्रियंका

वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर जारी चर्चा में प्रियंका गांधी ने सवाल पूछा कि ये गीत 150 साल से देश की आत्मा का हिस्सा है। 75 सालों से लोगों के दिल में बसा है। फिर आज इस पर बहस क्यों हो रही है? मैं बताती हूं- क्योंकि बंगाल का चुनाव आ रहा। मोदी जी उसमें अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं। मैं कहूं- मोदी जी अब वह पीएम नहीं रहे जो पहले थे। जहां तक नेहरू जी की बात है। जितने साल मोदी पीएम रहे, उतने साल नेहरू जेल में रहे थे। प्रियंका गांधी ने कहा- नेहरू, परिवारवाद पर चर्चा कर लें एक बार। इसके बाद मंहगाई, बेरोजगारी समेत दूसरे जरूरी मुद्दों पर चर्चा करें। प्रियंका के इतना कहने पर सदन में दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई।



मंहगाई,बेरोजगारी समेत जरूरी मुद्दों पर चर्चा हो

# हरियाणा में डॉक्टरों की हड़ताल पहले दिन दिखा मिला-जुला असर

- *कैथल, फतेहाबाद और हिसार में नहीं दिखा ज्यादा असर, रोहतक झज्जर में आंशिक प्रभाव*
- *मांगों को लेकर दो दिन की हड़ताल का किया था ऐलान, मरीजों को उठानी पड़ी परेशानी*
- *मेडिकल एसोसिएशन ने कहा, मांगें नहीं मानी तो 10 से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करेंगे*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶। चंडीगढ़

हरियाणा में डायरेक्ट एसएमओ भर्ती सहित विभिन्न मांगें पूरी न होने के विरोध में दो दिवसीय हड़ताल के पहले दिन सोमवार को मिला जुला असर दिखाई दिया। कुछ जिलों में आंशिक असर रहा। सुबह 9 बजे ओपीडी शुरू होने के बावजूद कई डॉक्टर अपने केबिन में नहीं पहुंचे तो मरीजों की लंबी लाइन लग गई। इससे मरीजों को परेशानी उठानी पड़ी। हड़ताल पर जाने वाले डॉक्टरों का कहना है कि सोमवार और मंगलवार को सामूहिक अवकाश है, इसलिए हड़ताल और असहयोग के कारण इस तरह का कदम उठाना उनकी मजबूरी है। सरकार ने मांगें नहीं मानीं तो बुधवार से अनिश्चितकालीन समय के लिए हड़ताल पर जाएंगे।

### डॉक्टरों की प्रमुख मांगें

- डॉक्टर एसएमओ की सीधी भर्ती का विरोध कर रहे हैं।
- केंद्र के समान चार एसीपी प्रदान की जाए। सरकार सहमत नहीं।
- एसोसिएशन तीसरे ग्रेड पे पर 9500 रुपये की मांग कर रही। अभी 10 साल पर 7600 ग्रेड पे मिल रहा।



### जिलों में ऐसा रहा हाल

**कैथल :** हड़ताल असफल रही। कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज से डॉक्टरों की टीम बुलाकर मरीजों का इलाज करवाया गया।
**फतेहाबाद :** ज्यादा असर देखने को नहीं मिला है। 70 में से 67 डॉक्टर हड़ताल पर रहे। 10 डॉक्टर अग्रोहा मेडिकल कॉलेज से बुलाए गए।
**हिसार :** सीएमओ डॉक्टर सपना गहलावत ने बताया कि जिले में 157 डॉक्टरों में से 22 ड्यूटी पर हैं।
**गुरुग्राम:** गुरुग्राम में 70 फीसदी डॉक्टर हड़ताल पर रहे। आयुष और अन्य डॉक्टरों की मदद से सभी सुविधाएं चलाई गईं।
**झज्जर :** जिले में सभी ओपीडी सुचारू रूप से चली। 40 डॉक्टरों को इलाज के लिए बुलाया गया।
**पंचकूला:** मुलाना मेडिकल कॉलेज से आए दो डॉक्टरों की मदद से मेडिसिन ओपीडी चलाई गई। यमुनानगर में स्ट्राइक बिल्कुल विफल रही।

### डॉक्टरों की हर विषय पर बात सुनी जा रही : सीएम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि डॉक्टर भगवान का रूप हैं, हमने बातचीत के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई हुई है। जो भी मांगे हैं, उनकी अधिकांश मांगों को मान लिया गया है। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि डाक्टरों को हड़ताल पर नहीं जाना चाहिए, क्योंकि किसी भी जानमाल का नुकसान हो सकता है। सीएम ने कहा कि डाक्टरों को लेकर अधिकारियों की जिम्मेदारी लगाई गई है। प्रदेश में सेवाएं प्रभावित नहीं हो इसके लिए भी आदेश देकर अतिरिक्त डाक्टर लगाए गए हैं।



## खबर संक्षेप

### पंजाब-हरियाणा में पराली जलाने के मामले 50% घटे



**नई दिल्ली।** पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने के मामलों में 50 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है और एक वर्ष के भीतर प्राथमिकियों की संख्या 6,469 से घटकर 2,193 रह गई है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से प्राप्त आरटीआई आंकड़ों से यह जानकारी प्राप्त हुई है। पूरे क्षेत्र में खेतों में आग लगने की घटनाओं की कुल संख्या 2024 में 12,750 से घटकर 2025 में 6,080 रह गई। *एजेंसी*

### मध्यप्रदेश में ट्रेनी प्लेन क्रैश, दोनों पायलट घायल

**सिवनी।** मध्य प्रदेश के सिवनी में एक ट्रेनी विमान 33 केवी हाई वोल्टेज बिजली लाइन से टकराकर क्रैश हो गया। हादसा आमगांव में शाम करीब साढ़े 6 बजे हुआ। ट्रेनर पायलट अजित एंथोनी और ट्रेनी पायलट अशोक छावड़ा घायल हो गए हैं। हालांकि, दोनों खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। रेड बर्ड एविएशन कंपनी के ट्रेनी विमान ने सुकतरा हवाई पट्टी से उड़ान भरी थी। लैंडिंग के दौरान बादलपार सब स्टेशन की 33 केवी लाइन के निचले हिस्से से विमान का पंख टकरा गया। टक्कर होते ही तेज धमाका हुआ और तारों से चिंगारियां निकलने लगीं। लहराता हुआ विमान खेत में जा गिरा। *एजेंसी*

# इंडिगो संकट : 827 करोड़ किए रिफंड, 4500 बैग भी लौटाए

- नागरिक उड्डयन मंत्री बोले, सख्त एक्शन लेंगे
- 7वें दिन 500 से ज्यादा फ्लाइट रहीं कैंसिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की उड़ान सेवाएं सोमवार को भी पटरी पर नहीं लौट सकीं। दिल्ली, श्रीनगर, हैदराबाद, बेंगलुरु, अहमदाबाद एयरपोर्ट से अब तक 500 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल रहीं। एक दिन पहले भी एयरलाइन ने 650 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी थीं। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा- हालात रोज बेहतर हो रहे हैं। 10 दिसंबर तक ऑपरेशन नॉर्मल होने की उम्मीद है। वहीं इंडिगो ने दावा किया कि उसने पूरा नेटवर्क रीस्टोर कर लिया है। वहीं, राज्यसभा में नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि इंडिगो संकट उसके क्रू रोस्टरिंग और इंटरनल प्लानिंग सिस्टम में समस्याओं के कारण हुआ। इससे यात्रियों को काफी दिक्कतें हुईं। हम इसे हल्के में नहीं लेंगे। जांच जारी है। हम ऐसा एक्शन लेंगे जो दूसरों के लिए मिसाल बने। इंडिगो ने अब तक 827 करोड़ रिफंड और 4500 लगेज वापस लौटा दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इंडिगो के खिलाफ दायर याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया है।



# सिद्धू की पत्नी नवजोत कौर कांग्रेस से सस्पेंड

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने पूर्व क्रिकेटर और कांग्रेस नेता नवजोत सिद्धू की पत्नी डॉ. नवजोत कौर को पार्टी से सस्पेंड कर दिया है। राजा वड़िंग ने नवजोत कौर की प्राइमरी मेंबरशिप को सस्पेंड करने का दो लाइन का ऑर्डर जारी किया और इसे सोशल मीडिया पर डाल दिया। इस आदेश में सस्पेंशन की कोई वजह नहीं बताई गई। नवजोत कौर कुछ दिनों से पंजाब कांग्रेस के बड़े नेताओं को लेकर डायरेक्ट बयानबाजी कर रही थीं जिसका पार्टी के अंदर भी विरोध हो रहा था। नवजोत कौर को जवाब देने के चक्कर में पूर्व डिप्टी सीएम और कांग्रेसी सांसद सुखजिंदर रंधावा तो उनके पति नवजोत सिद्धू के पिता तक पहुंच गए।



500 करोड़ में सीएम वाले बयान पर एक्शन

# जापान में 7.6 तीव्रता का भूकंप सुनामी की चेतावनी जारी

**टोक्यो (एजेंसी)।** जापान में आओमोरी प्रान्त के पास सोमवार को 7.6 तीव्रता का भूंकप आया। देश की मौसम विज्ञान एजेंसी ने आओमोरी, इवाते और होक्काइडो प्रान्तों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की है। आओमोरी में सुनामी की छोटी लहरें आनी शुरू हो गई हैं। फिलहाल उनकी ऊंचाई 40 सेमी तक है। यहां 3 मीटर तक ऊंची लहरें उठ रही हैं। भूकंप का केंद्र जापान के तट से 70 किमी दूर समुद्र में 50 किमी की गहराई में था। फिलहाल किसी के तरह के जान-माल के नुकसान की जानकारी नहीं है। जापान दुनिया के सबसे ज्यादा भूकंप प्रभावित देशों में से एक है। यह चार बड़े टेक्टोनिक प्लेटों पर बसा है और प्रशांत महासागर के 'रिंग ऑफ फायर' का हिस्सा है। हर साल यहां करीब 1500 भूकंप आते हैं, जिनमें से ज्यादातर हल्के होते हैं।

**यहां 3 मीटर ऊंची लहरें उठ रहीं**


# गोवा अग्निकांड : क्लब मालिक देश छोड़कर भागे

**पणजी (एजेंसी)।** गोवा के जिस नाइट क्लब में रविवार रात आग लगने से हुई 25 लोगों की मौत हुई उसके दोनों मालिक गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा भारत से फरार हो गए हैं। सोमवार को गोवा पुलिस ने बताया कि दोनों थाइलैंड के फुकेट भागे हैं। उनकी वापसी के लिए हम इंटरपोल से संपर्क में हैं। दोनों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया। इधर, जांच में सामने आया है कि नाइट क्लब जरूरी दस्तावेजों और लाइसेंस के बिना ही चलाया जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में आज पांचवी गिरफ्तारी की थी। दिल्ली से क्लब के ऑपरेशन मैनेजर भरत सिंह को गिरफ्तार किया गया। इससे पहले पुलिस ने क्लब के चीफ जनरल मैनेजर राजीव मोडक, जनरल मैनेजर विवेक सिंह, बार मैनेजर राजीव सिंघानिया और गेट मैनेजर रियांशु ठाकुर को गिरफ्तार कर चुकी है।

**लूथरा भाइयों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी**

# नवंबर में घरेलू खाने की थाली 13 फीसदी सस्ती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में एक घरेलू शाकाहारी थाली की कीमत नवंबर में (सालाना आधार पर) 13.14% घटकर 28.4 रुपये पर आ गई है। पिछले साल नवंबर (2024) में वेज थाली की कीमत 32.7 रुपये थी। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट 'रोटी राइस रेट' में यह जानकारी सामने आई है। क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, शाकाहारी थाली की कीमत अक्टूबर-2025 के मुकाबले नवंबर में 2% बढ़ी है। अक्टूबर में वेज थाली की कीमत 27.8 रुपये थी। वहीं, नॉन-वेज थाली की कीमत नवंबर में सालाना आधार पर 12.52% घटकर 53.8 रुपये पर आ गई है। पिछले साल यानी नवंबर 2024 में नॉनवेज थाली 63.5 रुपये की थी। मासिक आधार पर यानी अक्टूबर के मुकाबले नॉन-वेज थाली की कीमत 1.10% घटी है। अक्टूबर में नॉन-वेज थाली की कीमत 54.4 रुपये थी। शाकाहारी थाली की कीमत तय करने में आलू और टमाटर की हिस्सेदारी 24% होती है।



नवंबर-24 के मुकाबले टमाटर 17%, आलू 29% सस्ते, प्याज की कीमत आधी कम हुई

## सीजेआई ने कहा- ऐसी भाषा न बोलें, जो पीड़िता को डरा दे

# यौन अपराध जैसे संवेदनशील मामलों में टिप्पणी करते समय अदालतों को सावधानी बरतनी चाहिए

### इलाहाबाद हाईकोर्ट की टिप्पणी पर नाराजगी

*इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा था कि नाबालिग के अंगों से छेड़छाड़ जैसी हरकत रेप की कोशिश मानने के लिए पर्याप्त तथ्य नहीं। राजस्थान और कोलकाता हाईकोर्ट भी कर चुका विवादित टिप्पणियां।*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने देश के कई हाईकोर्ट और निचली अदालतों में दुष्कर्म मामलों पर आने वाले विवादित और महिला-विरोधी आदेशों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। कोर्ट ने कहा है कि ऐसी टिप्पणियां पीड़िताओं को डराती हैं और कई बार शिकायत वापस लेने का दबाव भी बनाती हैं। अब सुप्रीम कोर्ट पूरे देश के हाईकोर्ट्स के लिए एक साफ और व्यापक गाइडलाइन बनाने की तैयारी में है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दुष्कर्म और यौन अपराध जैसे संवेदनशील मामलों में अदालतों को बेहद सावधानी बरतनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि निचली अदालतें और हाईकोर्ट सही दृष्टिकोण अपनाएं।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट के विवादित आदेश पर रोक जारी

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस विवादित आदेश पर लगी रोक को जारी रखा है, जिसमें कहा गया था कि एक नाबालिग का सीना पकड़ने और पायजामे का नाड़ा तोड़ने जैसी हरकत को 'रेप की कोशिश' मानने के लिए पर्याप्त तथ्य नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर पहले ही स्वतः संज्ञान ले चुका है और अब सभी ऐसे विवादित आदेशों का रिकॉर्ड भी मांग लिया है। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील शोभा गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक अन्य मामले में यह टिप्पणी की थी कि रात का समय मानो आमंत्रण जैसा था। उन्होंने कहा कि कोलकाता हाईकोर्ट और राजस्थान हाईकोर्ट में भी इसी तरह की टिप्पणियां आई हैं।



### सीजेआई बोले-विस्तृत गाइडलाइंस तैयार करेंगे

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि ऐसी कोई प्रक्रिया या टिप्पणी नहीं होनी चाहिए जो पीड़िता को डराए या उसे शिकायत वापस लेने की तरफ धकेल दे। अब सुप्रीम कोर्ट इन सभी मामलों का पूरा रिकॉर्ड मंगाकर अपनी विस्तृत गाइडलाइंस तैयार करेगा, जिसे देश के सभी हाईकोर्ट को मानना होगा।

**खबर संक्षेप**

## सफाईकर्मियों संग सीएम ओएसडी ने की बैठक

**चंडीगढ़।** ऑल सफाई कामगार संयुक्त संघर्ष समिति हरियाणा द्वारा सफाई कर्मियों और सीवरमैन कि मांगों को लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री निवास सन्त कबीर कुटीर, चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती के साथ वार्ता हुई।मुख्यमंत्री के बैठक में शामिल न होने पर सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधियों ने असंतोष प्रकट करते हुए नाराजगी जाहिर की। इस पर ओएसडी भारत भूषण भारती ने जल्द ही मुख्य सचिव के साथ बैठक करवाने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि इस बैठक में लोकल बॉडी और पंचायत विभाग सहित अन्य विभागों के प्रधान सचिव भी भाग लेंगे। वार्ता में आल सफाई कामगार संघर्ष समिति हरियाणा की तरफ से समिति के संयोजक नरेश शास्त्री, सह संयोजक विनोद कुमार तथा समिति के सदस्य मांगेराम तिगरा, शिवचरण, बसाऊ राम, राजेंद्र, विकास कुमार, संदीप कुमार, कपिल सिरोही, तेजराम, सुरेंद्र कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## सफाई यूनियन ने मेयर का जताया आभार

**पंचकूला।** शहर के सफाई कर्मचारियों को करीब 9 करोड़ रुपये का बकाया एरियर जारी होने पर सफाई यूनियन के पदाधिकारियों ने पंचकूला महापौर कुलभूषण गोयल से मुलाकात कर उनका धन्यवाद किया। यूनियन प्रतिनिधियों ने बताया कि वे लंबे समय से अपनी इस मांग को लेकर विभाग के चक्कर काट रहे थे। पिछले दिनों उन्होंने इस मुद्दे को लेकर महापौर से भी भेंट की थी।

## ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन में 137 पकड़े

**चंडीगढ़/पंचकूला।** हरियाणा पुलिस ने रविवार को राज्य भर में अपराध और नशा तस्करों के खिलाफ एक व्यापक और आक्रामक अभियान छेड़ते हुए 'ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन' के तहत बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। 7 दिसंबर को चलाए विशेष अभियान ने एक ही दिन में अपराधियों के हौसले पस्त कर दिए। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने राज्य भर में चिन्हित किए गए 768 ऐसे ठिकानों (हॉटस्पॉट्स) को खंगाला, जो आपराधिक गतिविधियों के लिए कुख्यात थे । सुबह से शाम तक चली इस कार्रवाई में पुलिस ने न केवल अपराधियों की धरपकड़ की, बल्कि भारी मात्रा में नशा और अवैध हथियार भी बरामद किए। इस अभियान में कॉम्बिंग के दौरान एक ही दिन में 112 अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाख़ों के पीछे भेज दिया गया।

### मंत्रिमंडल की बैठक में जिला शिक्षकों के लिए आधुनिक कैडर परिवर्तन नीति को मंजूरी

# अप्रैल से नए स्टेशन ज्वाइन करेंगे शिक्षक मेरिट में आयु के सबसे अधिक 60 अंक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई अहम बैठक में कई प्रस्तावों का मंजूरी दी गई। बैठक में जिला कैडर शिक्षकों के लिए कैडर परिवर्तन नीति, 2025 को मंजूरी दी गई। इस नीति का उद्देश्य शिक्षक संतुष्टि में सुधार करना, पारदर्शी अंतर-जिला आवागमन सुनिश्चित करना और पूरे राज्य के स्कूलों में शैक्षणिक स्थिरता को मजबूत करना है। नीति मौजूदा 2018 की रूपरेखा को प्रतिस्थापित करेगी और नियमित रूप से कार्यरत प्राथमिक शिक्षक (पीआरटी/जेबीटी), हेड टीचर (एचटी) और क्लासिकल एवं वर्नाक्युलर (सीएंडवी) शिक्षकों के लिए स्वैच्छिक कैडर परिवर्तन हेतु वस्तुनिष्ठ, मेरिट-आधारित और तकनीक-सक्षम प्रणाली प्रदान करती है। ये प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से चलेगी और शिक्षकों को 1 अप्रैल से पहले नए स्टेशन अलॉट हो जाएंगे। 1 अप्रैल से शिक्षक अपने नए स्टेशन पर ज्वाइन करेंगे ताकि नए शैक्षणिक स्तर से पढ़ाई शुरू हो सके। यह नीति कठिन तैनाती स्थानों, भौगोलिक सीमाओं और शिक्षक तैनाती में समानता से संबंधित लंबे समय से लंबित मांगों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। इसका उद्देश्य शैक्षणिक हितों की रक्षा के लिए विद्यालयों में स्टाफ उपलब्ध कराना भी है।

- 2018 की नीति में परिवर्तन
- सीएम बोले शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा

### मेरिट अंक ऐसे होंगे निर्धारित

- नई नीति में मेरिट अंक निर्धारित करने की एक संरचित प्रणाली है, जिसमें आयु को मुख्य कारक बनाया गया है जिसे अधिकतम 60 अंक दिए जाएंगे। महिला शिक्षकों और विशेष श्रेणियों—जैसे दिव्यांग कर्मचारी, गंभीर बीमारी से पीड़ित, विधवा, तलाकशुदा, 40 वर्ष से अधिक आयु की अविवाहित महिलाएं, सैन्य/अर्द्धसैनिक बलों के कर्मचारियों के जीवनसाथी और दिव्यांग बच्चों के माता-पिता—को अधिकतम 20 अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे। जिन शिक्षकों पर कोई पेनेल्टी लगी हैं, उनके 10 अंक नेगिटिव होंगे।
- विशेष श्रेणी के शिक्षकों को 80 मेरिट अंक दिए जाएंगे, जिससे उन्हें कैडर परिवर्तन प्रक्रिया में प्राथमिकता मिलेगी। यह श्रेणी उन शिक्षकों के लिए है जो पात्रता तिथि से 12 महीनों के भीतर सेवानिवृत्ति पर हो, कैंसर, डायलिसिस, हाल की बाईपास सर्जरी या अंग प्रत्यारोपण जैसी गंभीर बीमारी का इलाज करा रहे हो, या आरपीडब्लयूडी एक्ट, 2016 के अनुसार 70 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हों। इसके अलावा, ऐसी विधवा शिक्षिकाएँ जिनके सबसे छोटे बच्चे की आयु 10 वर्ष तक है, भी इसमें शामिल हैं। शिक्षक-अभाव वाले जिलों को प्रभावित होने से रोकने के लिए नीति में यह प्रावधान है कि ऐसे जिलों से कैडर परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी जहाँ मौजूदा स्टाफ आवश्यकता के 95% से कम हो। नूँह जिले में मेवात कैडर के लिए नियुक्त शिक्षक जिले से बाहर कैडर परिवर्तन के पात्र नहीं होंगे।

### पांच दिन के भीतर शिकायत कर सकेंगे

शिकायत निवारण व्यवस्था भी प्रस्तावित की गई है, जिसके अनुसार शिक्षक कैडर परिवर्तन आदेश जारी होने के 5 दिनों के भीतर अपनी शिकायत प्रस्तुत कर सकते हैं। इन शिकायतों का निपटान सक्षम प्राधिकारी द्वारा गठित समिति द्वारा 3 दिनों में किया जाएगा।

### खनन विभाग : रेशनलाइजेशन कमीशन की सिफारिश पर विभाग में स्वीकृत पदों की संख्या 632 से बढ़ाकर की 890



सरकार ने खनन एवं भूविज्ञान विभाग हरियाणा सहित अलग-अलग सरकारी विभागों में पदों के रीस्ट्रक्चर की सिफारिश करने के लिए रेशनलाइजेशन कमीशन, हरियाणा का गठन किया था। इस कमीशन का उद्धेश्य इन सरकारी संस्थाओं को ज्यादा कुशल, पारदर्शी और जनता की जरूरतों और भविष्य की आवश्यकताओं के प्रति उत्तरदायी बनाना है। रेशनलाइजेशन कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि विभाग की कार्यप्रणाली कोसुचारू रुप सेचलाने के लिए अलग-अलग कैटेगरी की मौजूदा 632 पदों की बजाय 848 पदों की जरूरत होगी।इसके बाद, अन्य जरूरतों को देखते हुए42 और पदों की भी स्वीकृति दी , इस प्रकार अलग-अलग कैटेगरी के कुल 890 पदों को स्वीकृति दी गई है।राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे एचएमजीआईएस, एचईपीसी डिपार्टमेंटल सर्विसेज और दूसरे सिटीजन सर्विस पोर्टल का माइग्रेशन और मैनेजमेंट के लिए डिपार्टमेंट के पास राज्य के खनिज की खोज और बेहतर उपयोग और इको-फ्रेंडली मैनेजमेंट के लिए बहुत कुशल वर्कफोर्स होगी और इससे राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी।

### बैठक में रोहतक एग्रो मॉल के अलॉटियों को राहत की मंजूरी

हरियाणा कैबिनेट की मीटिंग में एग्रो मॉल, रोहतक के अलॉटीज़ को राहत के लिए अपील से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। कैबिनेट ने एग्रो मॉल, रोहतक के अलॉटीज़ केमामलों को एग्रो मॉलपंचकूला की तर्ज पर हल करने का फैसला किया है। एग्रो-मॉल, रोहतक को एचएसएएमबी ने सेक्टर-14 रोहतक में लगभग 38 कनाल और 15 मरला के प्लॉट पर विकसित किया था। इसमें 282 दुकानें हैं। जिनमें से 78 अलॉट हो चुकी हैं। अलॉटीज़ अलॉट की गई साइट को अपने पास नहीं रखना चाहते, उन्हें जमा की गई रकम, जमा करने की तारीख से पेमेंट तक 7 परसेंट सालाना ब्याज के साथ वापस की जाएगी। जो अलॉटी दुकानें रखना चाहते हैं, उन्हें बोर्ड की पिछली स्कीम यानी विवादों का समाधान-II के तहत बकाया रकम जमा करने की अनुमति होगी।अन्यथा दुकान नियमों के हिसाब से पुनःरिज्यूम कर ली जाएगी।

### राज्य लेखा निदेशालय के सेवा नियमों को मंजूरी

मंत्रिमंडल की बैठक में नवगठित राज्य लेखा निदेशालय हरियाणा के ग्रुप ए बी ' और सी पदों के लिए मसौदा सेवा नियमों को मंजूरी प्रदान की गई। राज्य लेखा निदेशालय हरियाणा में विभिन्न स्तरों पर कुल 535 पद स्वीकृत हैं, जिनमें ग्रुप'ए ' के 4 पद, ग्रुप 'बी ' के 107 पद, ग्रुप'सी ' के 395 पद और ग्रुप 'डी ' के 29 पद शामिल हैं। इन सेवा नियमों को बनाना आवश्यक था ताकि ग्रुप 'ए ' और 'बी ' के पदों पर नियुक्ति हरियाणा लोक सेवा आयोग के माध्यम से तथा ग्रुप 'सी ' के पदों पर नियुक्ति हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से की जा सके।

## सीएम ने मिजोरम के पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल को दी श्रद्धांजलि



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रविवार को नई दिल्ली पहुंचकर मिजोरम के पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि दी। पीएसओआई क्लब में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिवंगत स्वराज कौशल के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाया और दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### मुख्यमंत्री ने मयंक गोयल को किया सम्मानित

**पंचकूला।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अमरनाथ अग्रवाल ग्रुप के डायरेक्टर इंजीनियर मयंक गोयल को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। मयंक गोयल पंचकूला टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष और भारतीय विद्या भवन सहित कई सामाजिक संस्थाओं से भी जुड़े हुए हैं। मुख्यमंत्री द्वारा मिला सम्मान न केवल उनके योगदान की सराहना है, बल्कि युवा नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है। मयंक गोयल वर्ष 2008 से समूह के प्रमुख स्तंभ के रूप में जुड़े हुए हैं और अपने तकनीकी ज्ञान, नवाचार व आधुनिक प्रबंधन दृष्टिकोण से समूह को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अशोक कुमार, पुत्रः** श्री कैलाश नाथ, **पताः** मकान नं. 12/06, शिव नगर, रोहतक, हरियाणा; दूसरा पताः गांव ताकिया, थाना – ललिया, मथुरा बाज़ार, जिला बलरामपुर, उ.प्र. ने मुकदमा **FIR No. 09/2020 U/s 279/304A IPC, थानाः एनएफसी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अशोक कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अशोक कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 09/2020 U/s 279/304A IPC, थानाः एनएफसी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अशोक कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विनोद जोशी
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/16311/SE/2025
(Court Matter)



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **हरविंदर सिंह, पुत्रः** सरदार चरणजीत सिंह, **पताः** फ्लैट नंबर 49, द्वितीय तल, टीडीआई सिटी इंपीरियल फ्लोर्स, कुंडली—131028 **हरियाणा, एवंः** मेसर्स 7 थ्रेड्स, ए–45, ओल्ड गुप्ता कॉलोनी, शनि मंदिर के पास, **दिल्ली–110009 CC No. 595/24, U/s: 138 NI Act, पुलिस थानाः रूप नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरविंदर सिंह,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरविंदर सिंह,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **हरविंदर सिंह, CC No. 595/24, U/s: 138 NI Act, पुलिस थानाः रूप नगर, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.01.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आरुषी परवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)–05, (केंद्रीय)
कमरा नं. 02 भूतल (केन्द्रीय जिला) उपभवन–01
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/16406/N/2025
(Court Matter)


### अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में बोले केंद्रीय मंत्री

# भारत तेजी से 6जी, एआई और नवाचार आधारित भविष्य की ओर अग्रसर : मनोहर



**चंडीगढ़।** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहरलाल ने पंचकूला में आयोजित भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव के तीसरे दिन 'नए युग की प्रौद्योगिकियां - विज़न 2047' पर पैनल चर्चा को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि नई तकनीक और नवाचार को आगे बढ़ाना और उन्हें समाज के हित में अधिक से अधिक लागू करना अब हमारे वैज्ञानिकों और विद्यार्थियों की जिम्मेदारी बन गई है। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से 6जी, एआई और नवाचार आधारित भविष्य की ओर अग्रसर है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन हरियाणा के पंचकूला में हो रहा है और हम सभी इस महोत्सव के साक्षी बन रहे हैं। इससे पहले भी हरियाणा को फरीदाबाद में इस महोत्सव का आयोजन करने का अवसर मिल चुका है।

### नवाचार अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर

**चंडीगढ़।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री, तथा परमाणु ऊर्जा एवं अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने चार दिवसीय भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ) में कहा कि भारत एक पारंपरिक अर्थव्यवस्था से नवाचार-संचालित राष्ट्र बनने के निर्णायक चरण में पहुंच चुका है और अब प्रौद्योगिकी-संचालित विकास में वैश्विक रुझानों का अनुसरण करने के बजाय उन्हें आकार दे रहा है। आईआईएसएफ में एक विशेष फायरसाइड चैट के दौरान उन्होंने यह कहा।

### संसदीय कार्यवाही देखने कल दिल्ली जाएंगे विधायक

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने प्रदेश के सभी विधायकों को उनके आग्रह पर संसदीय कार्यवाही दिखाने की योजना बनाई है। 10 दिसंबर को विधायकों का दल विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के नेतृत्व में नई दिल्ली जाएगा, जहां विधायक संसद की कार्यवाही देखने के साथ-साथ नए-पुराने संसद भवन का भी अवलोकन करेंगे। इस दौरान विधायकों को पुस्तकालय भवन का भी भ्रमण करवाया जाएगा। यहां वे संविधान की संरक्षित की गई मूल कॉपी का भी अवलोकन करेंगे। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि संसद सर्वोच्च संसदीय संस्था है, जहां सदस्यों को संसदीय कार्यवाही की बारीकियों से अवगत करवाने के लिए लेकर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अनुभव के लिए वे खुद भी बहुत उत्सुक हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सदस्यों को उनके काम-काज में इसका लाभ मिलेगा।




### 180 कॉलेजों में 2400 से भी ज्यादा शिक्षकों के पद खाली

**चंडीगढ़।** इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने प्रोफेसरों की कमी से जूझ रहे कॉलेजों में पीएचडी, रिसर्च स्कॉलर द्वारा बच्चों को पढ़ाए जाने के सरकार के निर्णय को बेहद बचकाना निर्णय बताते हुए कहा कि कॉलेज की पढ़ाई बच्चों का भविष्य तय करती है। बच्चे अब नियमित प्रोफेसर द्वारा पढ़ाए जाने से महरूम हैं। प्रदेश के लगभग सभी कॉलेजों में प्रोफेसरों की भारी कमी है जिसके कारण बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि उन्हें पढ़ाने वाला कोई नहीं है। इसका दोषी कोई और नहीं बल्कि बीजेपी सरकार एवं एचपीएससी है। यही पीएचडी, रिसर्च स्कॉलर जब नियमित असिस्टेंट प्रोफेसर के पद के लिए पेपर देते हैं तो एचपीएससी द्वारा उन्हें फेल कर दिया जाता है। जिनको एचपीएससी ने फेल कर दिया अब उन्हीं लोगों को सरकार ने कॉलेजों में बच्चों को पढ़ाने के लिए अनुबंध पर रखने का फैसला किया है। ऐसा करना बीजेपी सरकार की दोगली मानसिकता को दिखाता है। आज प्रदेश के 180 कॉलेजों में 2400 से भी ज्यादा शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं।

- इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने चिंता जताई


**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

मु.न. 747 दिनांक 04.12.2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना खरखौदा जिला सोनीपत।



**गुमशुदा की पहचान**
नाम- नितिन।
पिता का नाम - मनोज कुमार।
पत्ता- वासी गांव गढ़ी सिसाना खरखौदा जिला सोनीपत हरियाणा।
उम्र - 22 वर्ष।
कद- 5 फुट 8 इन्च।
हुलियाः- रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखे, हृष्ट - पुष्ट शरीर है।
पहनावाः- नीले रंग की टी-शर्ट, काले रंग की लोवर व पैरों में चप्पल पहने हुए हैं।

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 26.11.2025 को नितिन पुत्र मनोज कुमार वासी गांव गढ़ी सिसाना खरखौदा जिला सोनीपत हरियाणा अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कही चला गया हैं। जो अब तक वापिस नही आया हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना खरखौदा में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना खरखौदा - 7419410536
अनुसंधानकर्ता मो० न० - 9991162915
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903,100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।,
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/4191/2026/40976/88/6 दि. 08.12.2025


### हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन की एडवाइजरी

# खिलाड़ियों को सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन पड़ेगा भारी, लगेगा प्रतिबंध

**चंडीगढ़।** हरियाणा के खेल जगत में अनुशासन और छवि को लेकर बड़ा निर्णय हुआ है। हाल ही में तेजी से बढ़ रहे हथियारों के प्रदर्शन, हिंसक वीडियो और अनुचित सोशल मीडिया व्यवहार को रोकने के लिए हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन (एचओए) ने खिलाड़ियों और कोचों के लिए कठोर एडवाइजरी जारी की है।यह एडवाइजरी हाल ही में सामने आए उन मामलों के बाद जारी की गई है, जिनमें कुछ खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों द्वारा बंदूकें, हथियारों और हिंसा से जुड़े वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर प्रसारित की गई थीं। इन घटनाओं को न केवल खेलों की गरिमा के खिलाफ माना गया, बल्कि युवाओं के लिए गलत संदेश फैलाने वाला बताया गया।

### अर्जुन व भीम पुरस्कार विजेताओं ने जताई थी नाराजगी : पंघाल

एचओए ने यह कदम अधिवक्ता राजनारायण पंघाल द्वारा दर्ज की गई शिकायत और हरियाणा के अर्जुन पुरस्कार तथा भीम पुरस्कार विजेताओं सहित कई दिग्गज खिलाड़ियों द्वारा उठाए गए कड़े विरोध के बाद लिया गया। सभी ने इस प्रवृत्ति को खेलों की आत्मा के खिलाफ बताया और इसे रोकने की मांग की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को ऐसा करने से रोका जाएगा।

### स्कूलों में सुरक्षा तंत्र चरमराया



**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि हरियाणा के विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था में बेहद गंभीर खामियां उजागर हो रही है। राज्य के 60 प्रतिशत स्कूलों में शिकायत पेटियां तक नहीं लगी हुई है, जबकि 80 प्रतिशत विद्यालयों में शिकायत निवारण समितियां लंबे समय से निष्क्रिय पड़ी हैं। स्थिति यह है कि 65 प्रतिशत विद्यार्थियों को यह भी जानकारी नहीं कि किसी समस्या की शिकायत किससे करनी है। ये तथ्य बताते हैं कि स्कूलों में सुरक्षा के लिए बनाए गए नियम न तो लागू हुए और न उनकी निगरानी की गई। यदि सरकार इस दिशा में तुरंत और ठोस कदम नहीं उठाती है, तो यह बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ माना जाएगा और जनता इसे कभी स्वीकार नहीं करेगी। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि एक समाचार पत्र ने विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था में बेहद गंभीर खामियां उजागर किया है। कुमारी सैलजा ने इस स्थिति को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार विद्यालय सुरक्षा के मामले में पूर्णतः विफल रही है।

# एचकेआरएन से जुड़े भुगतानों के लिए एसओपी जारी, विभागों को पत्र भेजा

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) को समय पर एकमुश्त भुगतान सुनिश्चित करने तथा वैधानिक दायित्वों, विशेषकर कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) के सुचारू और समयबद्ध अनुपालन के लिए एक सख्त मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों तथा बोर्डों और निगमों के प्रबंध निदेशकों को जारी एक पत्र में कहा कि इस एसओपी का उद्धेश्य एचकेआरएन के माध्यम से तैनात अनुबंध कर्मचारियों के भुगतान तंत्र में एकरूपता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि वैधानिक दायित्व, विशेषकर ईपीएफ अनुपालन केंद्रीयकृत व्यवस्था के तहत सुनिश्चित किए जाएंगे और विभाग सीधे तौर पर पीएफ खातों का संचालन नहीं करेंगे।एसओपी के अनुसार, भुगतान प्रक्रिया में सभी संबंधित पक्षों की जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से निर्धारित की गई हैं। कार्यालय प्रमुख रिकॉर्ड के सत्यापन और समय पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के लिए उत्तरदायी होंगे, जबकि आहरण एवं संवितरण अधिकारी (डी.डी.ओ.) को केंद्रीय भूमिका प्रदान की गई है। डी.डी.ओ. की जिम्मेदारी होगी कि वे उपस्थिति, तैनाती रिकॉर्ड और बिलों का सत्यापन करें। प्रत्येक माह की 7 तारीख से पहले एचकेआरएन को भुगतान सुनिश्चित करें।

# पंचकूला में विश्व स्तरीय शूटिंग रेंज की प्रक्रिया तेज खिलाड़ियों को नए साल पर मिल सकता है तोहफा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

आखिरकार नए साल में पंचकूला को अंतरराष्ट्रीय शूटिंग रेज का तोहफा देने की तैयारी हो रही है। पूर्व विस अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने इस दिशा में कईं साल पहले प्रयास किए थे। अब प्रक्रिया को तेज करने के साथ ही सीएमओ (मुख्यमंत्री आफिस) से अफसर इस पर पैनी नजर रख रहे हैं। यहां पर बता दें कि पंचकूला के सेक्टर-32 में 173.48 करोड़ की लागत से विश्वस्तरीय शूटिंग रेंज बनाने की घोषणा काफी पहले की गई थी। अब इसके लिए पीएमडीए (पंचकूला महानगर डवलपमेंट अथॉरिटी) ने टेंडर लगा दिया है। बताया जा रहा है कि उक्त कामकाज जनवरी 2026 वर्क टेंडर जारी कर दिया जाएगा। रेंज 10 मीटर, 25 मीटर और 50 मीटर की दूरी पर होगी जिससे पंचकूला और ट्राइसिटी के शूटिंग खिलाड़ियों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।

### सीएमओ ऑफिस कर रहा देखरेख

पंचकूला में विश्वस्तरीय शूटिंग रेंज स्थापित होने से हरियाणा और ट्राइसिटी चंडीगढ़ के शूटिंग के खिलाड़ी अभ्यास कर सकेंगे। शूटिंग के नए खिलाड़ी भी तैयार होंगे जो पंचकूला और हरियाणा का नाम देश और विदेश में रोशन करेंगे। पंचकूला के इस ड्रीम प्रोजेक्ट को लेकर अभी भी पूर्व स्पीकर और विधायक रहे ज्ञानचंद गुप्ता नजर रखे, उनका कहना है कि हरियाणा के युवाओं को इसका फायदा मिले और कामकाज तय समय सीमा में समाप्त हो इस दिशा में वे कदम उठा रहे हैं। अधिकारियों की ओर से भी प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी के मकरंद पांडुरंग और सीएमओ के आफिसर पूरे प्रोजेक्ट के कामकाज पर नजर रखे हुए हैं। पांडुरंग का कहना है कि तय समय सीमा के अंदर कामकाज पूर्ण हो इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। संबंधित विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विभिन्न विभागों के बीच तालमेल और सामंजस्य को रेखांकित करते हुए कामकाज में तेजी लाने का आदेश दिया है। नगर निगम और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) को निर्देश हैं कि रेंज के कामकाज में देरी नहीं होनी चाहिए। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों की मेजबानी के हिसाब से तैयार की जाएगी। 13.75 एकड़ में बनने वाली इस परियोजना पर करीब 150 करोड़ रुपये की लागत आएगी।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हरियाणा राज्य में दादरी चिड़िया रोड रोड आईडी 2440 का मजबूतीकरण और चौड़ा करना (एमडीआर 124) कि.मी. 30.55 से 48.57 तक (सीआरआईएफ योजना के तहत) (सजावटी स्ट्रीट लाइट इत्यादि का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 05.12.2025 11.12.2025 | 986.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज भिवानी | खण्ड और जिला भिवानी के गांव राजगढ़ में बजरंगी चौपाल में निर्माण कार्य (रेलिंग और इलैक्ट्रिकल कार्य) डी प्लान योजना + 7 कार्य। | 06.12.2025 11.12.2025 | 157.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज करनाल | गढ़ी बराहल गांव देवीपुरा खण्ड घरौंडा, जिला करनाल में महिला चौपाल / महिला एसएचजी मीटिंग हॉल का निर्माण, वीएएनजीवाई योजना 2024-25 के तहत + 1 कार्य। | 05.12.2025 15.12.2025 | 27.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | केडीबी कार्य, खण्ड थानेसर जिला कुरुक्षेत्र में टॉयलेट ब्लॉक्स के सीवरेज कनेक्शन हेतु ब्रह्मसरोवर की साउथ साइड (आउटर) और ज्योतिसर तीर्थ तक। | 05.12.2025 18.12.2025 | 8.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज रेवाड़ी | गांव जीतपुरा ब्लॉक धारूहेड़ा, जिला रेवाड़ी में जीतपुरा से रोजका की तरफ सम्पर्क रास्ते का निर्माण + 8 कार्य। | 05.12.2025 11.12.2025 | 342.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466112077 prexeeng.rwr@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज फतेहाबाद | गांव मानावाली ब्लॉक और जिला फतेहाबाद में मानव वाली सुरज राम धाकड़वाल से खैराती रोड तक एचजीवीवाई। | 05.12.2025 11.12.2025 | 69.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, सिरसा | सहारन डिस्टी. के आरडी 0-73740 टेल तक की आंतरिक सफाई का आकलन + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 11.12.2025 | 5.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd1925@yahoo.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, करनाल | आगुमेंटेशन कैनाल के आरडी 74.080 पर वीआर ब्रिज का निर्माण। | 04.12.2025 18.12.2025 | 162.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2258008 xeninddivn@yahoo.in |
| 9 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, मंडी डबवाली | कालांवाली एसटीपी कलेक्टिंग टैंक का निर्माण, पम्पिंग मशीनरी और इलैक्ट्रिकल स्थापना, 500 मिमी ओ/डी एचडीपीई राइजिंग मेन घग्गर ड्रेन के एसटीपी से बिछाना और प्रावधान और हाईड्रेंट्स इत्यादि का प्रावधान व फिक्सिंग, चार्जेबल हैड :- कालांवाली टाउन :- राइजिंग मेन को बिछाना और प्रावधान, मौजूदा 9.50 एमएलडी एसटीपी कालांवाली टाउन से रोड़ी घग्गर ड्रेन तक बिछाना और प्रावधान, निकट गांव फग्गू जिला सिरसा। | 05.12.2025 29.12.2025 | 2112.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 10 | वन विभाग भिवानी | ब्रिक्स बाउंड्री वॉल पिल्लर सहित और बारब्ड वायर फेंसिंग हेतु निविदा। | 27.11.2025 12.12.2025 | 113.08 लाख | https://haryanaeprocurement.gov.in | 9416251743 dfo.bhiwani@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/200/40982/I/88/6 दि. 08.12.25

## खबर संक्षेप

### हर्ष फायरिंग में डीजे वाले को गोली लगी

**जींद।** गांव खरैंटी विवाह में की गई हर्ष फायरिंग करने के दौरान गोली लगने से डीजे बजाने वाला युवक घायल हो गया। शिकायत के आधार पर जुलाना थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अकालगढ़ निवासी सोमबीर विवाह, शादियों में डीजे बजाने तथा लाइटिंग का कार्य करता है। बीती रात वह गांव खरैंटी निवासी कुलबीर की शादी में डीजे बजाने गया हुआ था। उसी दौरान डीजे पर कुछ युवक नाच रहे थे और अपने पास मौजूद असलहा से फायरिंग कर रहे थे। एक युवक द्वारा की गई हर्ष फायरिंग में गोली सोमबीर की हथेली में जा लगी।

### 7 दिन में 327 ठिकानों पर छापेमारी, 47 गिरफ्तार

फरीदाबाद। पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशा निर्देश पर हरियाणा पुलिस द्वारा 1 दिसंबर से ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन चलाया जा रहा है। फरीदाबाद पुलिस ने 7 दिन में 327 ठिकानों पर छापेमारी कर 47 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, इस दौरान एक मोस्ट वांटेड को भी गिरफ्तार किया गया है, जिस पर 5000 के इनाम घोषित था। पुलिस का कहना है कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

**कार्रवाई से हड़कंप : डीएफएससी से मांगा डेटा, आईपी एड्रेस की होगी जांच**

# धान घोटाले के आरोप में कुरुक्षेत्र के 6 मार्केट कमेटी सचिव चार्जशीट

**मल्टीपल आईपी एड्रेस से गेट पास जारी करने का आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र जिले में धान घोटाले के आरोप में 6 मार्केट कमेटी के सचिव को चार्ज शीट किया गया है। इनमें थानेसर मार्केट कमेटी के सचिव हरजीत सिंह, पिहोवा कमेटी के सचिव बलवान सिंह, शाहाबाद कमेटी के सचिव कृष्ण मलिक, पिपली कमेटी के सचिव गुरमीत सिंह, इस्माइलाबाद कमेटी के चंद्र सिंह और लाडवा के संत कुमार शामिल है। इन सचिव पर मल्टीपल आईपी एड्रेस से गेट पास जारी करने के आरोप है। मामले को लेकर इस्माइलाबाद अनाज मंडी कमेटी के सचिव रहे चंद्र सिंह ने माना कि आईपी एड्रेस को लेकर कार्रवाई की गई है। सीजन के टाइम कई बार सिस्टम में फाल्ट आ जाता है, तब कई बार मोबाइल से गेट पास काटा जाता है। वही थानेसर अनाज मंडी के सचिव हरजीत सिंह का कहना है कि कई बार इंटरनेट की दिक्कत आती है जिस कारण मोबाइल से नेट यूज किया जाता है। इस वजह से आईपी एड्रेस भी बदल जाता है।



### पोर्टल पर दर्ज ब्योरा खरीद ज्यादा कैसे

उधर,भारतीय किसान यूनियन पिहोवा ने बताया कि सरकारी पोर्टल मेरी फसल मेरा ब्योरा पर दर्ज डेटा से ज्यादा धान की खरीद की गई, जबकि इस बार बारिश, बाढ़ की वजह से धान को काफी नुकसान भी हुआ। फिर भी जिला कुरुक्षेत्र में खरीद में रिकॉर्ड बना दिया।

### आईपी एड्रेस मिलर्स को देने का आरोप

इन सेक्रेटरी पर मिलर्स को गेट पास काटने के लिए अपना यूजर आईडी और पासवर्ड देने का आरोप है। साथ ही मंडी में फर्जी गेट पास काटने की शिकायतें भी किसानों ने मुख्यमंत्री और प्रशासन को दी थी। हालांकि मामले में कोई भी अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।

### सचिव बोले- एक्शन हुआ पर आरोप गलत

मामले को लेकर इस्माइलाबाद अनाज मंडी कमेटी के सचिव रहे चंद्र सिंह (अभी जिला अंबाला के नन्यौला के सचिव) ने माना कि आईपी एड्रेस को लेकर कार्रवाई की गई है, मगर यूजर आईडी और पासवर्ड देने का आरोप गलत और बेबुनियाद है। सीजन के टाइम कई बार सिस्टम में फाल्ट आ जाता है, तब कई बार मोबाइल से गेट पास काटा जाता है।

### 81095 एकड़ की फसल हुई प्रभावित

जिला कुरुक्षेत्र में धान का गैर बासमती पीआर धान का कुल 3,15,039 एकड़ रकबा है। इस बार बारिश, बाढ़, हल्दी रोग और फिजी वायरस से 81,095 एकड़ फसल प्रभावित हुई है, जो कि क्षतिपूर्ति पोर्टल पर वेरिफाइड भी है। इसके अलावा 40% धान की पैदावार कम हुई।

**दिल्ली ब्लास्ट के बाद बिगड़े हालात**

# अल-फलाह यूनिवर्सिटी के 10 प्रोफेसरों ने नौकरी छोड़ी

**एमबीबीएस फर्स्ट ईयर स्टूडेंट्स को लीव दी, फैकल्टी की कमी से क्लासेस प्रभावित**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

दिल्ली ब्लास्ट के आतंकी मॉड्यूल का सेंटर पॉइंट बनी फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी इन दिनों फैकल्टी की कमी का सामना कर रही है। इसके चलते एमबीबीएस फर्स्ट ईयर के छात्रों को एक सप्ताह की लीव पर घर भेजा जा रहा है।

### डॉ. शाहीन और डॉ. शकील की गिरफ्तारी से हड़कंप

यूनिवर्सिटी के अंदर आतंकी नेटवर्क खड़ा कर रहे लेडी आतंकी डॉ. शाहीन सईद और डॉ. मुजम्मिल शकील के गिरफ्तार होने के बाद से लगातार स्टाफ यहां से जॉब छोड़कर जा रहा है। वहीं, यूनिवर्सिटी में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए नई मुसीबत खड़ी हो गई है। दिल्ली ब्लास्ट के बाद से ही यूनिवर्सिटी पर जांच एजेंसियों का शिकंजा कसता जा रहा है। यूनिवर्सिटी सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली ब्लास्ट के बाद से ही यूनिवर्सिटी सेटल नहीं हो पा रही है। अल-फलाह ग्रुप के चेयरमैन जावेद सिद्दीकी और डॉक्टरों की गिरफ्तारी ने यहां प्रोफेसरों के अंदर डर बैठा दिया है। इन गिरफ्तारियों के बाद यहां से करीब 10 मेडिकल प्रोफेसर अपनी जॉब छोड़कर जा चुके हैं। मेडिकल प्रोफेसरों के अलावा दूसरे विभागों में काम करने वाला स्टाफ भी धीरे-धीरे यहां से निकल रहा है, जिसके चलते मेडिकल की पढ़ाई करने वाले छात्रों की प्रॉपर क्लास नहीं लग पा रही है। यूनिवर्सिटी की तरफ से एमबीबीएस फर्स्ट ईयर के छात्रों को एक सप्ताह की अचानक से लीव देकर घर भेजा जा रहा है। हालांकि एक सप्ताह बाद उन्हें वापस यूनिवर्सिटी में जॉइन करने की बात भी कही जा रही है।



झज्जर। दुर्घटना के बाद गाड़ी से निकाले गए शव व एकत्रित राहगीर एवं इनसेट में मृतक मंदीप और मृतक मंजीत की फाइल फोटो।

**शादी से सोनीपत लौटते वक्त हादसा**

# झज्जर: बेकाबू कार, पेड़ से टकराई, दो दोस्तों की मौत

**सोनीपत की फोटोग्राफर यूनियन का प्रधान था मंदीप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

झज्जर क्षेत्र के गांव जहाजगढ़ के नजदीक असंतुलित कार पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई। राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस टीम ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक युवकों की पहचान सोनीपत के रहने वाले करीब 36 वर्षीय मंदीप पुत्र पवन कुमार व 28 वर्षीय मंजीत पुत्र सुभाष के तौर पर हुई है। दोनों युवक कार में सवार होकर चरखी दादरी के गांव फरतिया केहर में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। समारोह के बाद जब वे वापस लौट रहे थे छुछकवास व जहाजगढ़ गांव के बीच अचानक कार का संतुलन बिगड़ गया और वह पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में जहां कार क्षतिग्रस्त हो गई वहीं मंदीप व मंजीत की भी मौके पर ही मौत हो गई। मंदीप विवाहित था और दो बच्चों का पिता था। वह सोनीपत की फोटोग्राफर यूनियन का प्रधान था। मंजीत अविवाहित था और अपने साथी मंदीप के साथ फोटोग्राफी का कार्य सीख रहा था। इसी कारण वे लगभग साथ ही रहते थे। मामले के जांच अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस को हादसे की सूचना के बाद वे पहुंचे थे।

**सुसाइड नोट में पत्नी व उसके प्रेमी को ठहराया जिम्मेदार**

# जींद: पत्नी के अवैध संबंधों से खफा व्यक्ति ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गांव सिंगवाल में पत्नी के अवैध संबंधों से खफा व्यक्ति ने फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। मृतक द्वारा छोड़े गए सुसाइड नोट में पत्नी तथा उसके प्रेमी को जिम्मेवार ठहराया गया है। सदर थाना नरवाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर पत्नी तथा उसके प्रेमी के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया है। गांव सिंगवाल निवासी गुरनाम (44) ने सोमवार को संदिग्ध हालात के चलते अपने मकान मे फांसी का फंदा कर आत्महत्या कर ली। घटना का सूचना पाकर सदर थाना नरवाना पुलिस फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम के साथ मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक की जेब से सुसाइड नोट बरामद किया है। सुसाइड नोट में बताया गया है कि उसकी पत्नी के गांव के ही प्रवीण दुधिया के साथ अवैध संबंध हैं। उसने पत्नी को रोकने की कोशिश की तो उसे तथा उसके परिवार को जेल में डलवाने की धमकी देती। उसकी पत्नी उससे अलग रहती थी।

**नव ज्योति हाई स्कूल पर गिर सकती है गाज**

# शिक्षा विभाग ने मान्यता रद्द करने की भेजी सिफारिश

***स्कूल में फायर एंड सेफ्टी नियमों की भी अनदेखी, स्कूल के ऊपरी मंजिल पर घरेलू गैस सिलेंडर व अन्य रिहायशी गतिविधियां संचालित***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

भूना ढाणी भोजराज स्थित नव ज्योति हाई स्कूल पर शिक्षा विभाग ने बड़ा कदम उठाते हुए स्कूल की मान्यता रद्द करने की सिफारिश निदेशक शिक्षा विभाग हरियाणा को भेज दी है। विभागीय जांच में स्कूल में कई गंभीर खामियां पाई गईं, जिनमें विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़ी लापरवाही सबसे प्रमुख रही। स्कूल भवन की ऊपरी मंजिल पर लंबे समय से रिहायशी हिस्से का निर्माण किया हुआ था, जहां लगातार घरेलू गैस सिलेंडर व अन्य रिहायशी गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसे शिक्षा विभाग ने सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक माना है, क्योंकि किसी भी समय विस्फोट या हादसे की स्थिति में विद्यार्थियों की जान को बड़ा खतरा हो सकता है। इसके अलावा स्कूल में फायर एंड सेफ्टी नियमों की भी भारी अनदेखी पाई गई। न तो पर्याप्त अग्निशमन सिस्टम मिला और न ही आपात स्थिति में छात्रों के सुरक्षित निकासी के पुख्ता इंतजाम।



# गिरता रुपया और एआई चिप की कमी से महंगा हो सकता है स्मार्ट टीवी व स्मार्टफोन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- पिछले चार महीने में एआई चिप की कीमतों में 6 गुना तक वृद्धि हो गई

सितंबर 2025 में जीएसटी कट में कई प्रोडक्ट्स की कीमत कम हुई। इन प्रोडक्ट्स की लिस्ट में स्मार्ट टीवी भी हैं, जिन पर पहले 28 फीसदी जीएसटी लगता था। अब इन स्मार्ट टीवी पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है। जीएसटी कम होने के साथ ही स्मार्ट टीवी भी सस्ते हुए है, लेकिन अब इनकी कीमत बढ़ सकती है।

स्मार्ट टीवी की कीमत बढ़ने की दो वजह हैं। एक तो स्मार्ट टीवी में इस्तेमाल होने वाले एआई चिप और दूसरा लगातार गिरता रुपया। दोनों ही वजह से टीवी की कीमत आने वाले दिनों बढ़ सकती है।

## रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90 के पार पहुंच चुका

### चिप्स की सप्लाई भी बनी चुनौती

ऐसे में चिप्स की कमी को पूरा करने के लिए एआई डेटा सेंटर्स को डीडीआर3 और डीडीआर4 चिप्स भी सप्लाई किए जा रहे हैं। इसकी वजह से स्मार्टफोन और स्मार्ट टीवी मेकर्स को चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। ज्यादातर फ्लैश मेमोरी चीन से इंपोर्ट होती हैं। इनका इस्तेमाल टीवी, मोबाइल, लैपटॉप, फ्लैश ड्राइव और यूएसबी डिवाइसों में होता है।



*मेमोरी चिप्स हुई महंगी : सीईओ ने बताया कि पिछले चार महीनों में मेमोरी चिप्स की कीमत 6 गुना तक बढ़ गई है। इसकी वजह से टीवी की कीमतों में जीएसटी कट की वजह से जो रियायतें मिली थी, वो खत्म हो सकती हैं। इसकी वजह से टीवी की मांग जो हाल में बढ़ी थी, उसे झटका लग सकता है।*

### फ्लैश मेमोरी की शॉर्टेज

दरअसल, पिछले कुछ वक्त से बाजार में फ्लैश मेमोरी की शॉर्टेज है। इसका असर सिर्फ टीवी के बाजार पर ही नहीं बल्कि स्मार्टफोन्स पर भी देखने को मिल रहा है। बीते कुछ दिनों में लांच हुए ज्यादातर फोन्स अपने पिछले वर्जन के मुकाबले काफी ज्यादा कीमत पर आए हैं। इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का कहना है कि डीडीआर3 और डीडीआर4 मेमोरी चिप्स की सप्लाई कम हुई है। इसकी वजह एआई डेटा सेंटर हैं। एआई डेटा सेंट्स में डीडीआर6 और डीडीआर7 चिप्स का इस्तेमाल होता है। लेकिन मांग बढ़ने से चिप मेकर्स सप्लाई पूरी नहीं कर पा रहे हैं।

### कमजोर होता रुपया

पहले बात करते हैं रुपया की, जो अपने निचले स्तर पर पहुंचा हुआ है। रुपया डॉलर के मुकाबले 90 के पार पहुंच गया है। जिन प्रोडक्ट्स को इंपोर्ट किया जाता है, उनकी कीमत पर इसका असर होगा। एसपीपीएल के सीईओ अवनीत सिंह मरवाह के अनुसार रुपये के गिरने और मेमोरी चिप्स की कीमत बढ़ने से जीएसटी का जो फायदा लोगों को मिला था, उसके पूरी तरह से खत्म होने का डर नजर आने लगा है।

## भारत की कारों में भी लागू हो जंग-रोधक सुरक्षा उपाय

**नई दिल्ली।** कारों के लिए जंग-रोधक उपायों के मामले में घरेलू और निर्यात बाजारों में बराबरी की जरूरत है। उद्योग विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी। इस समय भारत में जो वाहन निर्यात के लिए बनाए जाते हैं, उन्हें घरेलू बाजार में बेची जाने वाली कारों की तुलना में कहीं अधिक मजबूत जंग-रोधक सुरक्षा मिलती है। विशेषज्ञों ने बताया कि भारत में बनी और यूरोप, जापान, उत्तरी अमेरिका और अफ्रीका भेजी जाने वाली कारों में आमतौर पर 70 प्रतिशत या उससे ज्यादा परतदार इस्पात (गैल्वेनाइज्ड स्टील) होता है और इन पर 6-12 साल की जंगरोध की वारंटी होती है। इसके उलट, भारत में बिकने वाली ज्यादातर कारों में बहुत कम परतदार इस्पात (गैल्वेनाइज्ड स्टील) होता है और लगभग कोई जंगरोध की वारंटी नहीं होती। उद्योग विशेषज्ञों का अनुमान है कि जंग से देश को हर साल जीडीपी का लगभग पांच प्रतिशत या 100 अरब डॉलर से ज्यादा का नुकसान होता है।

### वाहन डीलर संगठन फाडा ने दी जानकारी

# मोटर वाहन की खुदरा बिक्री नवंबर में बढ़ी, पंजीकरण में दो फीसदी तेजी: फाडा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

त्योहारों के बाद मोटर वाहनों की खुदरा बिक्री में तेजी बनी रही और नवंबर में पंजीकरण में सालाना आधार पर दो प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसे यात्री वाहनों, तिपहिया वाहनों, वाणिज्यिक वाहनों और ट्रैक्टर की मजबूत मांग से बल मिला। वहान डीलर के संगठन फाडा ने सोमवार को यह जानकारी दी।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार, नवंबर 2024 में 32,31,526 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने कुल खुदरा बिक्री बढ़कर 33,00,832 इकाई हो गई। पिछले साल दीपावली एवं धनतेरस अक्टूबर के अंत में पड़े थे और वाहनों का पंजीकरण नवंबर में हुआ था, जिससे बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी।

### त्योहारों के बाद भी बिक्री में तेजी जारी

फाडा के अध्यक्ष सी. एस. विग्नेश्वर ने बयान में कहा, ''जीएसटी दरों में कटौती और मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) के डीलर द्वारा की जा रही खुदरा पेशकशों से ग्राहकों ने खरीद की योजना बनाई जिससे त्योहारों के बाद भी ग्राहकों की संख्या में लगातार बढ़ती रही।

**त्योहारों के बाद खुदरा बिक्री में तेजी बनी रही**

**तिपहिया, वाणिज्यिक व ट्रैक्टर की मजबूत मांग रही**

**जीएसटी दरों में कटौती का फायदा ग्राहकों को मिला**



### यात्री वाहनों का पंजीकरण 20 फीसदी बढ़ा

उद्योग निकाय के अनुसार, नवंबर में यात्री वाहनों का पंजीकरण 20 प्रतिशत बढ़कर 3,94,152 इकाई हो गया जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 3,29,253 इकाई से अधिक है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती, विवाह संबंधी मांग, उच्च प्रतीक्षा वाले मॉडलों की बेहतर आपूर्ति और कॉम्पैक्ट एसयूवी से निरंतर बढ़ावा के कारण इस खंड में वृद्धि देखी गई।

### दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री में गिरावट

नवंबर में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री में पिछले साल की तुलना में तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,46,184 इकाई रह गई। इस प्रकार, वाहनों का भंडार (स्टॉक) का समय 53-55 दिन से घटकर 44-46 दिन रह गया जो बेहतर मांग-आपूर्ति अनुशासन का संकेत है। नवंबर में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,46,184 इकाई रही।

### *कीमतों में कटौती से अक्टूबर में अच्छी बिक्री रही*

*विभिन्न श्रेणियों में कीमतों में कटौती से अक्टूबर में अच्छी खरीदारी हुई और नवंबर में भी ग्राहकों की संख्या में बढ़ोतरी जारी रही।'' उन्होंने कहा कि नवंबर 2025 में त्योहारों के बाद की पारंपरिक मंदी को दरकिनार कर दिया गया तथा पिछले वर्ष के असामान्य रूप से उच्च तुलनात्मक आधार के बावजूद मजबूत प्रदर्शन किया गया।*

### ट्रैक्टर पंजीकरण में 57 फीसदी की वृद्धि

उद्योग निकाय ने बताया कि ट्रैक्टर पंजीकरण में पिछले महीने सालाना आधार पर 57 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। यह नवंबर 2024 की 80,507 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने 1,26,033 इकाई रहा। फाडा ने कहा, '' अगले तीन महीनों में भारत की मोटर वाहन खुदरा बिक्री का परिदृश्य सकारात्मक बना हुआ है, जिसे जीएसटी 2.0 कर युक्तिकरण, ग्रामीण आर्थिक संकेतकों में सुधार से निरंतर गति का समर्थन प्राप्त है...वहीं 74 प्रतिशत डीलर को सभी क्षेत्रों में वृद्धि की उम्मीद है....''

### नए मॉडल की पेशकश में मांग बढने की उम्मीद

उद्योग निकाय ने कहा कि जनवरी में अपेक्षित मूल्य वृद्धि, 2026 में नए मॉडलों की पेशकश और विवाह संबंधी मांग से बिक्री को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। साथ ही फसल से होनी वाली आय से ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा मांग मजबूत रहने की उम्मीद है।

## भारत अपने लिए लाभकारी स्रोतों से तेल खरीदने को आजाद: रूस

**मॉस्को।** रूस ने सोमवार को कहा कि भारत एक संप्रभु राष्ट्र है और वह उन स्रोतों से तेल खरीदने के लिए आजाद है, जिन्हें वह लाभकारी मानता है। इसके साथ ही रूस सरकार ने पूरा भरोसा जताया कि भारत अपने आर्थिक हित सुनिश्चित करने की नीति पर कायम रहेगा। अमेरिका ने रूस से तेल एवं पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद जारी रखने के लिए भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया है। अगस्त के अंत में भारतीय वस्तुओं और सेवाओं के आयात पर कुल अमेरिकी शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया। रूसी शासन मुख्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा, ''भारत, एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में विदेशी व्यापार करता है और ऊर्जा संसाधन वहीं से खरीदेगा है, जहां से उसे लाभ मिलेगा।'' वह पिछले शुक्रवार को नयी दिल्ली में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच हुई शिखर वार्ता के संदर्भ में संवाददाताओं से बात कर रहे थे।

## वारी सोलर अमेरिकाज इंक को मिला सौर पैनल का ठेका

**नई दिल्ली।** वारी एनर्जीज की अमेरिकी इकाई वारी सोलर अमेरिकाज इंक को अमेरिका की प्रमुख नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी सबांसी रिन्यूएबल्स से 288 मेगावाट के सौर पैनल का ठेका मिला है। कंपनी ने सोमवार को बयान में यह जानकारी दी। वह शेयर बाजार को यह ठेका मिलने की जानकारी पांच दिसंबर को पहले ही दे चुका है। यह ठेका टेक्सास में दो बड़ी सौर ऊर्जा परियोजनाओं, वाको स्थित पेपर सौर परियोजना और ब्रैशियर स्थित लकी-7 सौर परियोजना में बांटा गया है।

**बाअदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार साहब, हांसी, तहसील हांसी, जिला हिसार।**

यह कि तहसील कार्यालय हांसी में दरखास्त दुरूस्ती गिरदावरी केस नंबर 12 ANT एनटी दिनांक 14.10.24 बाबत दुरूस्ती किया गया है, जिसका अनुवान हिम्मत बनाम मालाराम आदि है जिसका वाका मौजा गुराना, तहसील हांसी, जिला हिसार है बरखिलाफ फरीक दोयम/उतरवादी है, जो कि निम्नलिखित है:-

मलाराम पुत्र भलाराम पुत्र हरिया निवासी गांव गुराना, तहसील हांसी, जिला हिसार जो कि अराजी तादादी 7 कनाल 4 मरले मुन्द्रजा खेवट नं0 955//823 खतौनी नं0 1215 नंबरान खसरा जैल 77//13 किता 1 बरुवे जमाबन्दी साल 2021-2022 वाका मौजा गांव गुराना, तहसील हांसी, जिला हिसार बाबत बतौर काश्तकार चले आ रहे है, जिसकी आगामी तारीख पेशी दिनांक 12.12.2025 है।

**A.C. IInd Grade Cum Naib Tehsildar Hansi- 125033**

**पूर्व रेलवे**

निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-399, दिनांक 05.12.2025 के लिए खुली ई-निविदा सूचना। सीनि. डीईई(जी), पूर्व रेलवे, मालदा, कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए अनुभवी एवं वित्तीय रूप से मजबूत प्रतिष्ठित फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सं.: ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-399; कार्य का नाम: एमएलडीटी मंडल के तहत रेलवे कॉलोनी में ओवरहेड लाइन को भूमिगत करने के साथ विद्युत आपूर्ति के सुधार के संबंध में विद्युतीय कार्य। निविदा मूल्य : रु. 3,24,79,419.41; बयाना राशि: रु. 3,12,400; निविदा दस्तावेज की कीमत: शून्य। ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय : 15.12.2025 से 29.12.2025 को अपराह्न 3.30 बजे तक। वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट: www.ireps.gov.in तथा सीनि. डीईई(जी), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय का सूचना पट्ट। निविदादाताओं से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज देखने का अनुरोध किया जाता है। किसी भी परिस्थिति में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (MLD-259/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सतनाली पर 132 केवी महेन्द्रगढ़ सतनाली लाइन पर मौजूदा लाइन बे में कंट्रोल एंड प्रोटेक्शन उपकरणों का प्रावधान | 05.12.2025 22.12.2025 | रु. 2,53,584/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | वर्ष 2024-2025 हेतु 132 केवी सब स्टेशन अहीरवान, एचवीपीएनएल के नॉन रेजीडेंशियल भवन की मरम्मत और रेनोवेशन हेतु विशेष आकलन। | 05.12.2025 12.12.2025 | रु.4,96,661/- कुल बिना जीएसटी | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/40999/I/88/6 दि. 08.12.25

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सेबी ने किया मर्चेंट बैंकर से संबंधित नियमों में बदलाव

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने मर्चेंट बैंकर के लिए पूंजी पर्याप्तता ढांचा लागू करते हुए नियमों में बदलाव किया है। स्वीकृत गतिविधियों से न्यूनतम राजस्व को अनिवार्य किया जाएगा।

# मुनाफावसूली से शेयर बाजार लुढ़का, 1 दिन में 7.5 लाख करोड़ स्वाहा

एजेंसी ⏭ मुंबई



- सेंसेक्स 610 अंक लुढ़का, निफ्टी 26 हजार के नीचे आया
- विदेशी निवेशकों की बिकवाली से बाजार पर बना दबाव

लगातार दो सत्रों की बढ़त के बाद सोमवार को घरेलू शेयर बाजार में तेज गिरावट हुई और सेंसेक्स 610 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 26,000 के स्तर से नीचे आ गया। ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली और विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी रहने से एक ही दिन में निवेशकों के 7.5 लाख करोड़ रुपए स्वाहा हो गए। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया हुआ है। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 609.68 अंक गिरकर 85,102.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 836.78 अंक टूटकर 84,875.59 पर आ गया था। निफ्टी भी 225.90 अंक गिरकर 25,960.55 अंक पर आ गया। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''बाजार में चौतरफा गिरावट देखने को मिली और निफ्टी 26,000 के स्तर के नीचे आ गया। निवेशक इस सप्ताह की फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक से पहले सतर्क हो गए। नायर ने कहा कि मजबूत घरेलू वृद्धि आंकड़ों और आरबीआई की हालिया ब्याज दर कटौती के बावजूद छोटी अवधि की धारणा दबाव में है।

# कमजोर मांग से सोना गिरकर 1,32,600 रुपये प्रति 10 ग्राम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

स्थानीय बाजारों में कमजोर मांग होने से सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतें 300 रुपये गिरकर 1,32,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 1,32,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। हालांकि, चांदी की कीमतें 1,500 रुपये बढ़कर 1,85,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गईं, जो लगातार दूसरे दिन की बढ़त दर्शाता है। पिछले कारोबार सत्र में यह 1,83,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना भाव 0.18 प्रतिशत बढ़कर 4,205.26 डॉलर प्रति औंस हो गया। मिराए एसेट शेयरखान के जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा, ''अमेरिकी फेडरल रिजर्व की 10 दिसंबर को नीतिगत बैठक के पहले हाजिर सोना में बहुत ज्यादा उतार-चढ़ाव देखा गया। यह लगभग 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 4,210 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।'

**जिला विकास भवन**

**(आवश्यक सूचना)**

जिला विकास भवन, रोहतक में कैंटीन के संचालन हेतु दिनांक 17.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे, जिला विकास भवन स्थित (मीटिंग हॉल) में खुली बोली के माध्यम से चयन किया जाएगा।

कैंटीन संचालन की अवधि दो वर्ष (दिनांक 01.01.2026 से 31.12.2027 तक) निर्धारित की गई है तथा धरोहर राशि रु. 50,000/- (रुपये पचास हजार मात्र) होगी।

धरोहर राशि जमा कराने वाले इच्छुक व्यक्ति उक्त बोली प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। नियम एवं शर्तें किसी भी कार्यदिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय की लेखा शाखा में देखी जा सकती हैं।

हस्ता/- कमेटी सचिव-कम अभियन्ता, पंचायती राज,
जिला विकास भवन रख-रखाव कमेटी, रोहतक।

पीआरडीएच : 1028/11/177/2026/41005/88/6 दि. 08.12.2025

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | दादरी निर्वाचन क्षेत्र जिला चरखी दादरी में गांव झिंझर से अचीना और लोहारवारा से खातीवास (आईडी 5733 और 487) वर्ष 2025-26 हेतु सम्पर्क सड़कों की वार्षिक मरम्मत + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 12.12.2025 | रु. 4,61,035/- | https://etenders.hry.nic.in | 01664-242782 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/40998/I/88/6 दि. 08.12.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका बवानी खेड़ा | राजकीय मॉडल विद्यालय के सामने पार्क के सौन्दर्यीकरण का निर्माण कार्य, डी प्लान योजना के तहत + 6 कार्य (बवानी खेड़ा)। | बंद होने की तिथि 13.12.2025 | रु.26.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303013 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/40988/I/88/6 दि. 08.12.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हैफेड हिसार | निविदा दस्तावेज में वर्णित अनुसार हैफेड बफर हिसार से विभिन्न केन्द्रों और जिलों तक हैफेड उपभोग उत्पादनों का परिवहन। | 08.12.2025 15.12.2025 | ईएमडी रु. 20,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812327591 dmhfdhsr@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/40969/I/88/6 दि. 08.12.25

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**धनु** — मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** — आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** — खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** — कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

## शब्द पहेली - 6072




**बाएँ से दाए**
1. पवनपुत्र,हनुमान-3,3
5. मजार-4
8. बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9. तहजीब,तमीज-3
10. सत्य,तेज-2
11. पतंगा-4
12. ईसाई साध्वी-2
14. इंकार करना-4
16. उत्तम,आदर्शवादी-3
18. रोमांच,उद्वेग-4
20. पागलपन,सनक-5
23. पालन-पोषण-5
26. आनंद लेना-2,2
27. बेईमानी,अमानत में खयानत-3
29. अप्रधान,गौण-4
30. ठाठ-बाट-2
32. अति काला,एक प्रकार की लकड़ी-4
33. रहस्य-2
35. गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36. कमरा,रूम-2
37. जल में रहने वाला-4
38. धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**
1. पलायन करने वाला-6
2. जंगल-2
3. दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4. जिव्हा,जीभ-3
5. घर,भवन-3
6. यात्री गाड़ी-2
7. चौबीस घंटे का समय-4
11. परीक्षण करना-4
13. भीगा हुआ-2
15. खीजना-4
17. उपस्थिती-3
18. रोमांच,उद्वेग-4
19. संपत्ति-2
21. उचित,सही-3
22. पंख,पराया-2
24. देश निर्वासन-4
25. अंगरक्षक-3,3
27. हाथी-4
28. मद,सरूर-2
29. अनुसार,समान-4
31. निगाह,दृष्टि-3
32. हथियार-3
34. पानी,नीर-2
36. सिगरेट का धुआं खींचना,सुट्टा-2

**शब्द पहेली- 6071 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | प | चा | र | | मि | | वि | रा | स | त |
| | र | | घु | | ग | द | र | | ही | न |
| क | | | व | रा | ह | | ह | | | हा |
| म | हा | वी | र | | बा | ल | | क | मा | ई |
| जो | | रा | | ना | न | | श | | ख | |
| र | म | णी | य | ता | | भा | व | ही | न | ता |
| | न | | म | | ज | ल | | ट | | र |
| अ | का | ल | | शू | ल | | नी | र | व | ता |
| प | | | न | | प्र | ख | र | | | र |
| रा | ल | | म | हु | वा | | स | | मी | |
| ध | ड़ | क | न | | ह | | ता | र | त | म्य |



संसद में वंदे मातरम पर तीखी बहस राजनाथ बोले

# जन-गण-मन व वंदे मातरम मां भारती की दो आंखें, इसे अपूर्ण बनाने की कोशिश की गई और जिन्ना के चश्मे से भी देखा गया

राजनाथ सिंह ने कहा कि 'कुछ लोग यह नैरेटिव बनाने की कोशिश कर सकते हैं कि जन-गण-मन और वंदे मातरम के बीच एक दीवार खड़ी की जा रही है। ऐसा नैरेटिव बनाने का प्रयास विभाजनकारी सोच है। जनता को सब जानना चाहिए




राष्ट्रगीत के साथ अन्याय किया गया, इसे दबाया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोग यह नैरेटिव बनाने की कोशिश कर सकते हैं कि जन-गण-मण और वंदे मातरम के बीच एक दीवार खड़ी की जा रही है। ऐसा नैरेटिव बनाने का प्रयास विभाजनकारी सोच है. जो लोग यह बात नहीं समझते है वह मां की ममता को भी नहीं समझ सकते. राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि जन-गण-मन और वंदे मातरम मां भारती की दो आंखें है। मां भारती के दो अमर सपूतों की किलकारियां हैं। वंदे मातरम का उदघोष किसी के खिलाफ नहीं है,बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान की अभिव्यक्ति है। सिंह ने कहा वंदे मातरम के साथ जो न्याय होना चाहिए था, वह नहीं हुआ। जन-गण-मण राष्ट्रीय भावना में बसी, लेकिन वंदे मातरम को दबाया गया। वंदे मातरम के साथ हुए अन्याय के बारे में हर किसी को जानना चाहिए। वंदे मातरम के साथ इतिहास का एक बड़ा छल हुआ। इस अन्याय के बावजूद वंदे मातरम का महत्व कभी कम नहीं हो पाया। वंदे मातरम स्वयं में पूर्ण है, लेकिन इसे अपूर्ण बनाने की कोशिश की गई। इसके साथ जो अन्याय हुआ, उसे जानना जरूरी है. क्योंकि देश की भावी पीढ़ी वंदे मातरम के साथ अन्याय करने वालों की मंशा जान सके।

### इसने ब्रिटिश साम्राज्य को झुकाया

सिंह ने कहा कि वंदे मातरम्-इतिहास और वर्तमान से जुड़ा हुआ है। वंदे मातरम ने देश को जगाया है। ये सिर्फ बंगाल के चुनाव से नहीं जुड़ा है। वंदे मातरम ने ब्रिटिश साम्राज्य को झुकाया है।

### ब्रिटिश हुकूमत लोगों के मानस से वंदे मातरम को नहीं निकाल सकी



संसद में वंदे मातरम पर बोलते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

राजनाथ ने कहा कि बंगाल विभाजन के खिलाफ हुए आंदोलन के दौरान वंदे मातरम की गूंज जनमानस में बैठी। ब्रिटिश हुकुमत ने इसके खिलाफ एक सर्कुलर जारी किया, लेकिन फिर भी ब्रिटिश हुकूमत लोगों के मानस से वंदे मातरम को नहीं निकाल सकी। 1906 में जब पहली बार भारत का पहला झंडा बनाया गया, तब उसके मध्य में वंदे मातरम लिखा था। वंदे मातरम नाम से अखबार भी था।

### जन गण मन और वंदे मातरम मां भारती के दो सपूतों की किलकारियां

सिंह ने कहा कि मां अपने बच्चों में कोई भेदभाव नहीं करती। जन गण मन और वंदे मातरम्-भारत माता के दो सपूतों की किलकारियां हैं। उन्होंने बताया कि ये दोनों गीत न केवल देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक हैं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में भी लोगों को एकजुट करने का काम करते रहे। ये भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय भावना की आत्मा हैं, जो हर भारतीय के दिल में गर्व और प्रेम की भावना जगाते हैं।

इन्होंने भी कहा

### जिन्ना को इससे नफरत थी और पंडित नेहरू झुक गए थे : रविशंकर

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने लोकसभा में संबोधन पर कहा कि



आज भारत की संसद में एक बहुत ऐतिहासिक बहस हुई है। वंदे मातरमम की विरासत को प्रधानमंत्री मोदी ने बहुत विस्तार से बताया है। पूरे देश को यह सीखने और समझने का अवसर मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि पावन राष्ट्रभक्ति के भाव के इस गीत को इसलिए तोड़ा गया क्योंकि मोहम्मद अली जिन्ना को इससे नफरत थी और पंडित नेहरू झुक गए थे।

## अनुराग ने भी विपक्ष को घेरा

## 'वंदे मातरम सिर्फ गीत नहीं, राष्ट्रीय प्रेम की रीत है, इसलिए कांग्रेस इससे भयभीत है



हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर लोकसभा सीट से निर्वाचित भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए आज की चर्चा ऐतिहासिक दस्तावेज की तरह बनकर उभरेगी। उन्होंने कहा कि ये कोई धार्मिक गीत नहीं, ये राष्ट्र की आत्मा और भारत के गौरव का गीत है। ये देश की संस्कृति और विरासत का प्रतीक है।

### कांग्रेस के अधिवेशन में यह इस्लाम विरोधी नहीं था तो अब कैसे हो गया?

वंदे मातरम के काटे गए हिस्सों और इसके इतिहास का जिक्र करते हुए ठाकुर ने कहा कि यह उतना ही पवित्र है, जितना, गीता, बाइबल और कुरान है। ठाकर ने कहा, अगर 1896 में कांग्रेस के कोलकाता अधिवेशन में वंदे मातरम इस्लाम विरोधी नहीं था तो बाद में यह कैसे हो गया?

### जिन्ना के मुन्ना को भी वंदे मातरम से दिक्कत?

ठाकुर ने कहा है कि वंदे मातरम राष्ट्र भक्तों के लिए ऊर्जा का स्त्रोत है, लेकिन कुछ लोगों को इससे एलर्जी है। मैं 150 वीं जयंती पर इतना ही कहूंगा, कि अंग्रेजों को वंदे मातरम से दिक्कत थी, जिन्ना को वंदे मातरम्म से दिक्कत थी, जिन्ना के मुन्ना को भी इससे दिक्कत है? इसकी कुछ पंक्तियों को क्यों हटाया गया?

राहुल के नदारद रहने पर उठे सवाल

### मुस्लिम लीग के आगे समर्पण किया



भाजपा सांसद संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी अहम चर्चा के वक्त सदन में मौजूद नहीं थे, क्योंकि उनके मन में अपराधबोध है। प्रधानमंत्री ने भी कांग्रेस के रुख पर कहा कि कांग्रेस ने वंदे मातरम के साथ विश्वासघात किया और मुस्लिम लीग के आगे समर्पण किया।

विपक्ष से बोले गोगोई

### कांग्रेस ने वंदे मातरम को उसकी अहमियत दी



सदन में कांग्रेस के डिप्टी लीडर गौरव गोगोई ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री की यह आदत है कि जब भी वह किसी मुद्दे पर बोलते हैं तो भारत के पहले प्रधानमंत्री नेहरू और कांग्रेस का जिक्र करते रहते हैं।ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान उन्होंने नेहरू का नाम 14 बार और कांग्रेस का नाम 50 बार लिया। जब संविधान की 75वीं सालगिरह पर चर्चा हुई, तो नेहरू का नाम 10 बार और कांग्रेस का नाम 26 बार लिया गया। गोगोई ने कहा कि अगर किसी राजनीतिक पार्टी ने वंदे मातरम को वह अहमियत दी जिसका वह हकदार था, तो वह कांग्रेस थी। उनकी पार्टी ने यह पक्का किया कि इसे सिर्फ एक राजनीतिक नारे के तौर पर न देखा जाए।

### यह सिर्फ गाने के लिए नहीं, निभाने के लिए



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और सांसद अखिलेश यादव ने वंदे मातरम ने देश को एक किया और आज़ादी की लड़ाई में जान डाली। सत्ता पक्ष हर चीज पर कब्जा करना चाहता है। यादव ने कहा कि वंदे मातरम सिर्फ पढ़ने के लिए नहीं है, बल्कि इसका पालन करने के लिए है।

### ठाकरे कहते थे- देश में रहना है तोः बरने

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना के सांसद बरने ने बालासाहेब ठाकरे के बयान से अपने वक्तव्य की शुरुआत की। बकौल बरने, 'बालासाहेब कहते थे, अगर इस देश में रहना है तो वंदे मातरम कहना होगा। बाला साहेब ठाकरे गर्व से कहते थे हम हिंदू हैं, इस पर भी हमें गर्व है।

### शरद पवार की पार्टी के सांसद ने क्रांतिकारियों को याद किया

सांसद मुरलीधर एनसीपी (शरद पवार) गुट के सांसद ने मराठी भाषा में कहा कि आजादी के आंदोलन में इसका योगदान कभी न भूलने वाला है। ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ देशवासियों को एकजुट करने में इसने बड़ी भूमिका निभाई है।

---

## खबर संक्षेप

### बंगाल में सर के लिए 5 विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची की विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया यानी एसआईआर को और पारदर्शी व सख्त निगरानी वाली बनाने के लिए चुनाव आयोग ने बड़ा कदम उठाया है। आयोग ने राज्य के डिवीजनों में 5 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया है, ताकि सर से जुड़े काम नियमों के हिसाब से हों।

### उत्तराखंड कांग्रेस के बड़े नेता दिल्ली तलब



**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के बड़े नेताओं को दिल्ली बुलाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, हरीश रावत, हरक सिंह रावत, प्रीतम सिंह, यशपाल आर्य और करन महारा दिल्ली बुलाए गए हैं। इनकी आलाकमान के साथ मीटिंग होगी। चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरक सिंह ने सिखों को लेकर विवादित टिप्पणी की थी।

### साइको रेप के आरोपी का हाफ एनकाउंटर



**अहमदाबाद ।** गुजरात के अहमदाबाद में पुलिस ने रेप के साइको आरोपी का एनकाउंटर किया है। आरोपी का क्राइम ब्रांच टीम ने एनकाउंटर किया है। पुलिस ने पैर में गोली मारी है। आरोपी पुलिस कांस्टेबल भरत भाई राठौड़ पर हमला किया। इसी दौरान उसके पैर में गोली मारी गई। मोइनुद्दीन ने भागने की कोशिश की थी।

### ट्रंप के नाम पर सड़क का नाम रखेंगे रेड्डी



**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद की एक सड़क का नाम अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम पर रखने का प्रस्ताव रखा है। तेलंगाना के सीएम का यह फैसला तेलंगाना राइजिंग ग्लोबल समिट के दौरान अंतरराष्ट्रीय सुर्खियां पाने की कोशिश लग रहा है। इसे लेकर सीएम रेड्डी विरोधियों के निशाने पर आ गए हैं।

---

सुप्रीम कोर्ट ने सामान्य भविष्य निधि पर सुनाया अहम फैसला

# दिवंगत कर्मचारी की जीपीएफ राशि पत्नी-मां में बराबर बांटी जाए, पूर्व का नामांकन 'अमान्य'

भले ही पति की मां को नामित किया गया हो, परिवार को परिभाषित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक महिला की याचिका स्वीकार कर ली। महिला ने कहा कि उसके दिवंगत पति की नौकरी के दौरान जमा हुई सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) की रकम उसे मिलनी चाहिए, भले ही पति की मां को ही नामित किया गया हो। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि जब कोई कर्मचारी परिवार बनाता है (जैसे शादी हो जाती है), तो पहले भरा गया नामांकन फॉर्म अपने-आप मान्य नहीं रहता। अगर कर्मचारी ने परिवार बनने से पहले किसी को नामित किया था, तो वह नामांकन बाद में वैध नहीं माना जाता। ऐसी स्थिति में रकम परिवार के सभी पात्र सदस्यों में बराबर हिस्से में बांटी जानी चाहिए।पीठ ने कहा कि हालांकि, दिवंगत कर्मचारी ने अपनी मां को नामित किया था, लेकिन नामांकन फॉर्म में मौजूद शर्तों के अनुसार कर्मचारी की मृत्यु के समय वह नामांकन मान्य नहीं रह गया।अदालत ने यह भी साफ कहा कि जीपीएफ का नामांकन फॉर्म या उसमें भरा गया कोई भी हिस्सा, मां को पत्नी से ज्यादा अधिकार नहीं देता।

शादी के बाद भरा गया फॉर्म मान्य नहीं हो सकता

अदालत ने यह भी कहा- मां को पत्नी से ज्यादा अधिकार नहीं



### नामांकन अमान्य तो सभी सदस्यों में वितरण होना चाहिए

पति ने 2003 में अपनी पत्नी (याचिकाकर्ता) से शादी की। शादी के बाद उसने कई अन्य नौकरी से जुड़ी सुविधाओं में पत्नी को ही लाभ लेने वाला (नॉमिनी) बनाया, लेकिन जीपीएफ वाले नामांकन में बदलाव नहीं किया और वह पहले जैसा ही बना रहा। शीर्ष अदालत ने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रासंगिक नियम वास्तव में यह प्रावधान करते हैं कि जब कोई नामांकन अमान्य हो जाता है, तो राशि सभी पात्र सदस्यों के बीच वितरित की जानी चाहिए।

### उन्होंने नामांकन बदलने की कोई कोशिश नहीं की

अदालत ने यह स्पष्ट किया कि अगर नामांकन अमान्य हो जाए, तो जीपीएफ की रकम परिवार के सभी पात्र सदस्यों में बांटी जाती है। अदालत ने यह भी कहा कि पति के पास 2003 में शादी होने से लेकर 2021 में

### पत्नी आधी रकम पहले ही प्राप्त कर चुकी

कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी नहीं होती कि वे नामांकन बदलने या रद्द करने के लिए याद दिलाएं। यह कर्मचारी का अपना कर्तव्य है। नियमों में साफ बताया गया है कि उसके बाद परिवार के जीवित सदस्यों में पैसा कैसे बांटा जाएगा। कोर्ट ने कहा कि पत्नी को आधी रकम पहले ही मिल चुकी है।

## बॉम्बे हाई कोर्ट की तल्ख टिप्पणी

## कार में बैठकर वकालत नहीं हो सकती, वकीलों के लिए क्यूबिकल का आदेश दिया

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को निर्देश दिया कि कोर्ट परिसरों में वकीलों के लिए ऐसे क्यूबिकल उपलब्ध कराए जाएं, जहां से वे आराम से वर्चुअल सुनवाई में शामिल हो सकें। कोर्ट ने ये बात तब कही जब उसे पता चला कि कई वकील मजबूरी में अपनी कारों में बैठकर ही ऑनलाइन सुनवाई में जुड़ रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश श्रीचंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम ए. अखंड की पीठ राज्य में चल रही स्थानीय निकाय चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। पूरे महाराष्ट्र से 100 से ज्यादा याचिकाएं मुख्य न्यायाधीश की बेंच पर भेजी गई हैं ताकि अलग-अलग आदेश न निकलें। इसलिए अलग-अलग जिलों के वकील वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बहस कर रहे हैं।



### कार में बैठकर कोर्ट को एड्रेस नहीं कर सकते

एक वकील कार में बैठकर ऑनलाइन पेश हुए. इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि ये कार में बैठा कौन है? आप लॉग ऑफ करिए। इस पर वकील ने तुरंत कनेक्शन बंद कर दिया, लेकिन कुछ देर बाद नागपुर की एक वकील भी कार में बैठकर ऑनलाइन जुड़ीं। तब पीठ ने फिर कहा आप कार में बैठकर कोर्ट को संबोधित नहीं कर सकतीं।

### क्या वकीलों के लिए क्यूबिकल नहीं है?

पीठ ने राज्य सरकार से पूछा कि क्या वकीलों के लिए ऑनलाइन पेश होने का कोई क्यूबिकल नहीं है? कोई जगह होनी चाहिए। आमतौर पर बार असोसिएशन यह सुविधा देता है.।कुछ क्यूबिकल होने चाहिए। राज्य की ओर से पेश अतिरिक्त सरकारी वकील नेहा भिड़े ने बताया कि मुंबई में अलग से जगह नहीं है।

# 1500 करोड़ की ठगी नेटवर्क में फंसे अभिनेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानपुर

कानपुर के 1,500 करोड़ रुपए के बड़े धोखाधड़ी मामले में मास्टरमाइंड रवींद्रनाथ सोनी के फर्जी नेटवर्क का प्रचार करने के आरोप में अभिनेता सोनू सूद और पहलवान द ग्रेट खली का नाम सामने आया है। कानपुर पुलिस ने दोनों सेलिब्रिटीज को पूछताछ के लिए कानूनी नोटिस भेजा है। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल के अनुसार, 700 से अधिक लोग इस ठगी के शिकार हुए हैं।

■ फर्जी नेटवर्क के प्रचार का आरोप



### मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित

इस बड़े घोटाले के बढ़ते दायरे को देखते हुए पुलिस कमिश्नर ने विशेष जांच दल के गठन का आदेश दिया। एडीशनल डीसीपी क्राइम अंजली विश्वकर्मा एसआईटी का नेतृत्व करेंगी और इसमें छह सदस्य होंगे। एसआईटी के सामने 16 कंपनियों के वित्तीय लेनदेन, बैंक खाते, क्रिप्टोकरेंसी लेन-देन और सोनी व उसके सहयोगियों के निजी वित्त पर नज़र रखना बड़ी चुनौती है।

## इंतजार खत्म, देश में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा की कीमतें घोषित




**नई दिल्ली।** एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक ने भारत में अपनी रेजिडेंशियल सैटेलाइट इंटरनेट सेवा की आधिकारिक कीमतें घोषित कर दी हैं। कंपनी की भारतीय वेबसाइट पर अपडेट के अनुसार, मासिक शुल्क 8,600 रुपए होगा, जबकि हार्डवेयर किट (डिश + राउटर) के लिए एकमुश्त 34,000 रुपए देने होंगे। खरीदने के बाद आप इसे खुद से भी सेटअप कर सकते हैं। कंपनी के मुताबिक सेटअप करने के बाद आपका इंटरनेट काम करना शुरू कर देगा। हालांकि कंपनी 30 दिन का ट्रायल भी दे रही है। स्टारलिंक का दावा है कि ये सर्विस 99.9% अपटाइम के साथ आती है और इंटरनेट डिसरप्शन का सवाल ही नहीं है। इतना ही नही कंपनी ने स्टेब्लिटी का भी बड़ा दावा किया है। इसे देश के किसी कोने में लगाया और यूज किया जा सकता है, क्योंकि ये इंटरनेट एलन मस्क के स्टारलिंक सैटेलाइट बेस्ड है। हालांकि ये अभी लिमिटेड जगहों पर है। वेबसाइट पर ज्यादातर पिनकोड डालने पर मैसेज आता है– 'स्टार लिंक रेसीडेंसियल आपके क्षेत्र में अभी उपलब्ध नहीं है।' उपलब्धता मानचित्र में भारत को अभी भी नियामक अनुमोदन लंबित दिखाया जा रहा है। 1 दिसंबर को जीरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ के पॉडकास्ट में एलन मस्क ने कहा था, भारत में स्टारलिंक उन लाखों लोगों तक इंटरनेट पहुंचाएगा, जहां आज भी फाइबर या मोबाइल नेटवर्क नहीं है। दूरदराज के गांवों, पहाड़ी इलाकों और समुद्री क्षेत्रों के लिए यह सेवा गेम-चेंजर मानी जा रही है, भले ही शुरुआती कीमत प्रीमियम हो।

कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास में हड़कंप

# 15 छात्राओं की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

महिदपुर के कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास में रविवार रात अचानक हड़कंप मच गया। छात्रावास के कमरों में रह रही छात्राओं ने बताया कि बाहर दशहरा मैदान की ओर से किसी वाहन से धुएं जैसी तेज गैस फैलने लगी, जो कुछ ही मिनटों में हॉस्टल के कमरों तक पहुंच गई। इस धुए के संपर्क में आने के बाद कई छात्राओं की आंखों में जलन और तेज जलन, खांसी और सांस लेने में तकलीफ शुरू हो गई। स्थिति बिगड़ती देख छात्रावास प्रबंधन ने तुरंत सभी 15 छात्राओं को महिदपुर अस्पताल पहुंचाया। सोमवार सुबह पांच छात्राओं की स्थिति फिर खराब होने पर उन्हें उज्जैन के चरक अस्पताल रेफर किया गया, जहां दो छात्राएं आईसीयू में भर्ती हैं। वहीं उज्जैन के कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने कहा कि सभी बच्चियों की स्थिति सामान्य है। वे थोड़े धुएं के कारण घबरा गई थीं, ऐसा कोई गंभीर विषय नहीं है।



■ धुएं और गैस से आंखों में जलन बढ़ी तकलीफ

कबीर ने 6 दिसंबर को बाबरी जैसी मस्जिद का शिलान्यास किया

# मुस्लिम व्यापारी ने 80 करोड़ देने को कहा,11 बक्से भरे नोट मिले

नकद दान में एकत्र मुद्राओं का सही मूल्य निर्धारित नहीं किया गया

एजेंसी ▶▶ मुर्शिदाबाद

तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने 6 दिसंबर को बाबरी जैसी मस्जिद का शिलान्यास किया था। मुर्शिदाबाद ज़िले के बेलडांगा में प्रस्तावित बाबरी मस्जिद के लिए दान में मिले नोटों के ढेरों की गिनती का एक वीडियो कबीर द्वारा अपने सोशल मीडिया पेज पर पोस्ट किए जाने के बाद काफ़ी चर्चा में है। इतनी रकम देने वाले का नाम नहीं बताया। कबीर ने बताया कि प्रस्तावित मस्जिद का बजट 300 करोड़ है।

मुर्शिदाबाद ज़िले के बेलडांगा में होगा निर्माण



### चंदे की गिनती की जा रही

यह वीडियो तेज़ी से वायरल हो रहा है और लोग सवाल कर रहे हैं कि आखिर इतने पैसे कहां से इकट्ठा किए गए? कबीर ने बताया कि प्रस्तावित मस्जिद की आधारशिला रखे जाने के दिन शनिवार से स्थानीय निवासियों से नकद दान के रूप में नोटों से भरे 11 बक्से एकत्र किए गए हैं। नकद दान के रूप में एकत्र की गई मुद्राओं का सही मूल्य अभी तक निर्धारित नहीं किया गया है। चंदे की गिनती हो रही है।

### सोशल मीडिया के जरिए लगभग 93 लाख मिले

कबीर ने बताया कि ऑनलाइन चंदा भी आया है। एक क्यूआर कोड के ज़रिए लगभग 93 लाख मिले हैं। कबीर ने अनाम दानदाता के बारे में कोई जानकारी नहीं दी, जिसने लगभग 80 करोड़ देने का वादा किया है। उन्होंने उस व्यक्ति का नाम सिर्फ़ एक मुस्लिम व्यवसायी बताया।

### कबीर का यू-टर्न, अब नहीं दूंगा इस्तीफा

बाबरी मस्जिद-शैली की मस्जिद का शिलान्यास कर राजनीतिक हलचल मचाने वालेकबीर नचौंकाने वाला यू-टर्न ले लिया। कुछ दिन पहले 17 दिसंबर को इस्तीफा देने का एलान कर चुके कबीर ने अब कहा है कि वह विधायक पद से इस्तीफा नहीं देंगे।मेरे इस्तीफे का कोई सवाल ही नहीं। मेरे क्षेत्र के लोगों ने मुझसे इस्तीफा न देने की अपील की है।

## चिंतन

# स्वतंत्रता आंदोलन का उद्घोष बन गया था वंदे मातरम्

वंदे मातरम् भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई का एक शक्तिशाली प्रतीक है, जिसने करोड़ों लोगों को एकजुट किया। यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि इसने लाखों भारतीयों में देशभक्ति की भावना को जागृत किया है। अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई में यह भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का एक प्रेरणादायक उद्घोष बन गया था। जिस मंत्र, जिस जयघोष ने देश के आजादी के आंदोलन को ऊर्जा और प्रेरणा दी थी, त्याग और तपस्या का मार्ग दिखाया था, उस वंदे मातरम् का स्मरण करना देश का बहुत बड़ा सौभाग्य है। वंदे मातरम् केवल भारत का राष्ट्रीय गीत ही नहीं, स्वतंत्रता आंदोलन का प्राण भी है। यह बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की प्रथम उद्घोषणा है। इसने हमें याद दिलाया कि भारत केवल जमीन का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि एक भू-सांस्कृतिक राष्ट्र है, जिसकी एकता उसकी संस्कृति और सभ्यता से आती है। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि वंदे मातरम् के 150 साल पूर्ण हो रहे हैं और हम सभी इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बन रहे हैं। वंदे मातरम् पर पीएम मोदी ने सोमवार को लोकसभा में चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने कहा, 'वंदे मातरम्' अंग्रेजों को करारा जवाब था, ये नारा आज भी प्रेरणा दे रहा। आजादी के समय महात्मा गांधी को भी यह पसंद था, उन्हें यह गीत नेशनल एंथम के रूप में दिखता था। उनके लिए इस गीत की ताकत बड़ी थी। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कि पिछले दशकों में वंदे मातरम् के साथ इतना अन्याय क्यों हुआ। वंदे मातरम् के साथ विश्वासघात क्यों हुआ। वो कौन सी ताकत थी, जिसकी इच्छा पूज्य बापू की भावनाओं पर भी भारी पड़ी। वंदे मातरम् की 150 वर्ष की यात्रा अनेक पड़ावों से गुजरी है। जब वंदे मातरम् के 50 वर्ष पूरे हुए थे, तब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। जब इसके 100 वर्ष पूरे हुए, तब देश आपातकाल के अंधेरे में था। आज जब इसके 150 वर्ष हो रहे हैं, तो भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और तेजी से आगे बढ़ रहा है। 150 वर्ष उस महान अध्याय और उस गौरव को पुनः स्थापित करने का अवसर है। मोदी ने कहा कि मेरा मानना है कि देश और सदन, दोनों को इस अवसर को जाने नहीं देना चाहिए। यही वंदे मातरम् है, जिसने 1947 में देश को आजादी दिलाई। अब संसद में इस पर चर्चा की जरूरत क्यों पड़ी। दरअसल, सरकार चाहती है कि वंदे मातरम् पर चर्चा से देश में राष्ट्रभावना, सांस्कृतिक गौरव और एकता का संदेश जाए। यह विषय जनता में भावनात्मक जुड़ाव भी पैदा करता है। बता दें कि वंदे मातरम् का प्रकाशन 1882 में हुआ और यह आनंद मठ के उपन्यास में शामिल हुआ। पहली बार इसे 1896 में कांग्रेस के अधिवेशन में गाया गया और उस समय जल्द ही यह स्वतंत्रता आंदोलन का अनौपचारिक राष्ट्रगान बन गया। 1905 में बंग-भंग आंदोलन के दौरान यह गीत सड़कों पर गूंजने लगा और इसने लोगों को एकजुट करने का काम किया। इसी गीत ने आजादी की तड़प को लोगों के दिलों में और मजबूत किया। महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू जैसी महान हस्तियों ने भी इसकी भावना को सराहा। 1950 में जब भारत गणराज्य बना, तो जन-गण-मन को राष्ट्रगान चुना गया, लेकिन वंदे मातरम् को राष्ट्रीय गीत का दर्जा दिया गया। वंदे मातरम् का सम्मान करना चाहिए। इस गीत का महत्व कभी कम नहीं हो सकता। यह गीत हमारी मातृभूमि की सेवा और उसकी एकता के लिए प्रेरणा का स्रोत बने, न कि विभाजन का।

## दिवस विशेष

बाल मुकुन्द ओझा



# भ्रष्टाचार के मकड़जाल में फंसी है पूरी दुनिया

दुनिया के लगभग हर देश में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। लाख प्रयासों के बाद भी भ्रष्टाचार की इस महामारी से विश्व मुक्त नहीं हो पाया है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा लोगों में जन जागरण और चेतना जगाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक दिवसों का आयोजन किया जाता है, इनमें एक दिवस भ्रष्टाचार के खिलाफ भी है। 9 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है, भ्रष्टाचार का मुकाबला करने की खातिर वैश्विक प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी देशों को मिलकर काम करना होगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में रिश्वत की वार्षिक मात्रा एक ट्रिलियन डॉलर आंकी गई है। भ्रष्टाचार के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था को 2.6 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान होता है, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के पांच प्रतिशत से अधिक है।

यह अकाट्य सत्य है कि दुनियाभर में भ्रष्टाचार की वजह से न केवल आर्थिक विकास पर असर पड़ता है बल्कि लोकतंत्र के प्रति विश्वास को भी ठेस पहुंचती है। विश्व का कोई भी देश भ्रष्टाचार से सुरक्षित नहीं है। भ्रष्टाचार आर्थिक विकास में बाधक है, लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाता है। भ्रष्टाचार से सामाजिक असामानता फैलती है। हर साल ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल जैसी वैश्विक संस्था अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग भी जारी करता है, जिसमें भ्रष्टतम देश शामिल किए जाते हैं। मगर लाख प्रयासों के बाद भी भ्रष्टाचार पर कोई प्रभावी अंकुश नहीं लगाया जा सका। यह हमारे सिस्टम का फेलियोर है या सत्ताधीशों का, इस पर चिंतन और मनन की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक भ्रष्टाचार अपराध है जो सामाजिक और आर्थिक विकास को कमजोर करता है। वर्तमान में भ्रष्टाचार से कोई देश, क्षेत्र या समुदाय बचा नहीं है। इससे लोकतांत्रिक मूल्यों का क्षरण हो रहा है। भ्रष्टाचार का शाब्दिक अर्थ है भ्रष्ट आचरण यानि जिसका आचार बिगड़ गया हो। स्वार्थ में लिप्त होकर किया गया गलत कार्य भ्रष्टाचार होता है। भ्रष्टाचार के कई रूप हैं- रिश्वत, कमीशन लेना, काला बाजारी, मुनाफाखोरी, मिलावट, कर्तव्य से भागना, चोर-अपराधियों आतंकियों को सहयोग करना आदि आदि। इसका सीधा मतलब है जब कोई व्यक्ति समाज द्वारा स्थापित नैतिकता के आचरण का उल्लंघन करता है तो वह भ्रष्टाचारी कहलाता है। यहां भ्रष्टाचार से हमारा तात्पर्य अनैतिक और गलत तरीके से अर्जित आय से है।

भारत में भ्रष्टाचार ने लगता है संस्थागत रूप धारण कर लिया है। भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने खुलेआम यह कहा है कि वे न तो खाएंगे और न खाने देंगे। मोदी अपनी बात पर कायम रहे, मगर भ्रष्टाचार पर काबू नहीं पाया जा सका है। दुनिया के भ्रष्टाचार पर नजर रखने वाली संस्था ट्रांसपरेंसी इंटरनेशनल इंडिया के द इंडिया करप्शन सर्वे 2024 के भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत 180 देशों में 96वें स्थान पर रहा। इससे पहले साल 2023 में 93 और 2022 में भारत की रैंकिंग 85 थी, जो इस साल बढ़कर 96 हो गई है। दुनिया में सबसे भ्रष्ट देश सोमालिया है, जबकि सबसे कम भ्रष्ट डेनमार्क है, जो लगातार छठे साल भी ग्लोबल करप्शन इंडेक्स में टॉप पर है।

140 करोड़ की आबादी का आधा भारत आज रिश्वतखोरी के मकड़जाल में फंसा हुआ है। स्थिति यह हो गई है कि बिना रिश्वत दिए आप एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकते। हमारे देश में भ्रष्टाचार इस हद तक फैल चुका है कि इसने समाज की बुनियाद को हिलाकर रख दिया है। जब तक मुट्ठी गर्म न की जाए तब तक कोई काम ही नहीं होता। एनसीआरबी और लोकल सर्कल इंडिया करप्शरन सर्वे रिपोर्ट में यह भी उल्लेकख किया गया है कि लोगों को सबसे ज्यादा घूस जमीन से जुड़े मामलों में देनी पड़ रही है। इसके बाद दूसरे सबसे भ्रष्ट महकमों में पुलिस शामिल है। भ्रष्टाचार एक संचारी बीमारी की भांति इतनी तेजी से फैल रहा है कि लोगों को अपना भविष्य अंधकार से भरा नजर आने लगा है और कहीं कोई भ्रष्टाचार मुक्त समाज की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। मंत्री से लेकर संतरी और नेताओं तक पर भ्रष्टाचार के दलदल में फंसे है। भ्रष्टाचार हमारे सामाजिक, आर्थिक और नैतिक जीवन मूल्यों पर सबसे बड़ा प्रहार है। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कठोर कानून और दंड-व्यवस्था की जानी चाहिए। जब तक समाज एकजुट होकर भ्रष्टाचार पर हमला नहीं करेगा तब तक इस बीमारी को जड़मूल से समाप्त नहीं किया जा सकता।

( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# गतिरोध में थमती संसद की उत्पादकता




शीत सत्र
अजीत लाड़

सत्र की शुरुआत से पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो संदेश दिया कि संसद का हर क्षण देश के विकास के लिए होना चाहिए, वह सिर्फ एक राजनीतिक टिप्पणी नहीं थी, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की मूल आत्मा का स्मरण था। संसद केवल एक इमारत या सामूहिक बैठकों का स्थल नहीं, वह केंद्र है जहां राष्ट्र के भविष्य की रूपरेखा बनती है। परंतु जैसे ही सत्र आरंभ हुआ, ठीक वही दृश्य सामने आया जो पिछले वर्षों की एक स्थायी प्रवृत्ति बन चुका है। नारे, हंगामा, वेल में उतरना और अंततः कार्यवाही स्थगित होना। ऐसे में समझना जरूरी है कि लोकतंत्र विरोध की व्यवस्था पर चलता है, किंतु विरोध जब निरंतर अवरोध में बदल जाए, तो यह केवल सरकार या विपक्ष की समस्या नहीं रहती। यह लोकतांत्रिक संस्कृति की समस्या बन जाती है।

भारत की संसद का यह शीतकालीन सत्र ऐसे समय शुरू हुआ है जब देश तेजी से बदलती वैश्विक परिस्थितियों, आर्थिक चुनौतियों और व्यापक नीतिगत निर्णयों के बीच खड़ा है। सत्र की शुरुआत से पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो संदेश दिया कि संसद का हर क्षण देश के विकास के लिए होना चाहिए। वह सिर्फ एक राजनीतिक टिप्पणी नहीं थी, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की मूल आत्मा का स्मरण था। संसद केवल एक इमारत या सामूहिक बैठकों का स्थल नहीं, वह केंद्र है जहां राष्ट्र के भविष्य की रूपरेखा बनती है। परंतु जैसे ही सत्र आरंभ हुआ, ठीक वही दृश्य सामने आया जो पिछले वर्षों की एक स्थायी प्रवृत्ति बन चुका है। नारे, हंगामा, वेल में उतरना और अंततः कार्यवाही स्थगित होना। ऐसे में यह समझना आवश्यक है कि लोकतंत्र विरोध की व्यवस्था पर चलता है। असहमति लोकतांत्रिक प्राण है। किंतु विरोध जब निरंतर अवरोध में बदल जाए, तो यह केवल सरकार या विपक्ष की समस्या नहीं रहती। यह लोकतांत्रिक संस्कृति की समस्या बन जाती है। पिछले कुछ सत्रों का डेटा स्पष्ट संकेत देता है कि संसद अपेक्षित स्तर पर काम नहीं कर पा रही। 2024 के मानसून सत्र में लोकसभा अपने निर्धारित समय का मात्र 29 प्रतिशत चली और राज्यसभा 34 प्रतिशत। सूचीबद्ध प्रश्नों में से 419 प्रश्नों पर केवल 55 उत्तर प्राप्त हुए। 2024 का शीतकालीन सत्र भी औसत से कम रहा। इससे पहले भी 2023 का बजट सत्र और कई अन्य सत्र, विभिन्न विवादों और बाहरी रिपोर्टों को आधार बनाकर, लगातार बाधित होते रहे। कुछ मुद्दे बाद में तकनीकी रूप से संदिग्ध या अधूरे पाए गए, लेकिन तब तक संसद का अनमोल समय नष्ट हो चुका था। यह प्रवृत्ति किसी एक दल की आलोचना नहीं, यह बताने योग्य चेतावनी है कि राजनीति की मौजूदा शैली अधीर होती जा रही है और बहस की परंपरा कमजोर पड़ रही है।

संसद का हर मिनट लगभग लाखों रुपये खर्च करता है और यह राशि जनता के टैक्स से आती है। संसद का बाधित होना केवल एक प्रशासनिक समस्या नहीं, यह आर्थिक संसाधनों के दुरुपयोग, नीति निर्माण की रुकावट और नागरिकों के विश्वास को कमजोर करने वाली स्थिति है। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अनिवार्य है। वह सरकार को कठोर प्रश्न पूछकर जवाबदेह बनाता है, गलतियों का खुलासा करता है और वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। फिर भी विपक्ष की शक्ति तभी सार्थक होती है जब वह सदन के भीतर बहस में सक्रिय हो। नारे बहस की जगह नहीं ले सकते और शोर रणनीति का विकल्प नहीं हो सकता। इसके विपरीत, सरकार ने पिछले 11 वर्षों में यह दिखाया है कि नीति-निर्माण और सुधार उसकी प्राथमिकता है व संसद के बाधित होने के बावजूद वह अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने में सक्षम रही है। नए संसद भवन का निर्माण, संसद की कार्यप्रणाली का डिजिटलीकरण, कागज-रहित कामकाज, अप्रासंगिक 1576 कानूनों को हटाना और 421 बिलों को पारित कराना, यह सब किसी भी सरकार के लिए असाधारण उपलब्धियां हैं। यह कार्य ऐसे समय में संभव हुआ है जब लगभग हर सत्र में किसी न किसी मुद्दे पर व्यवधान पैदा हुआ। वर्तमान शीतकालीन सत्र में सूचीबद्ध 13 महत्वपूर्ण विधेयक देश की अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और प्रशासनिक ढांचे को सीधे प्रभावित करते हैं। परमाणु



ऊर्जा प्रबंधन, राष्ट्रीय उच्च शिक्षा आयोग, दिवालियापन प्रक्रिया सुधार, सिक्योरिटीज मार्केट कोड, राजमार्ग संशोधन, बीमा और कर संबंधी कानूनों में बदलाव। ये सभी ऐसे निर्णय हैं जो भारत की उभरती अर्थव्यवस्था को अगले दशक की दिशा देंगे। ऐसे में जनता को यह जानने का अधिकार है कि इन महत्वपूर्ण विधेयकों पर गंभीर चर्चा क्यों नहीं हो पाती और सत्र बार-बार अवरोध का शिकार क्यों बनता है? आज भारत वैश्विक मंचों पर नीति-स्थिरता, सुधारवादी दृष्टि और प्रशासनिक दक्षता के कारण सम्मान प्राप्त कर रहा है। जब दुनिया ऊर्जा सुरक्षा, सप्लाई-चेन स्थिरता, तकनीकी प्रतिस्पर्धा और भू-राजनीतिक संतुलन की चुनौती देख रही है, भारत को अपनी नीतियों में त्वरित निर्णय और स्पष्ट दृष्टिकोण की आवश्यकता है। इस संदर्भ में संसद का हर सत्र देश की सामरिक और आर्थिक दिशा तय करने वाला निर्णायक क्षण बन जाता है। ऐसे समय में अवरोध की राजनीति केवल घरेलू नीतियों को नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के प्रति विश्वास को भी प्रभावित कर सकती है। लोकतंत्र में बहस की संस्कृति केवल सत्ता बदलने का साधन नहीं, यह शासन की गुणवत्ता तय करती है। सरकार पर कठोर सवाल उठाना विपक्ष की जिम्मेदारी है, पर उन सवालों को प्रश्नकाल, शून्यकाल और विधायी बहसों में उठाया जाना चाहिए, न कि हंगामे में खो जाने देना चाहिए। लोकतंत्र को शोर की जरूरत नहीं, जवाबदेही की जरूरत है। फिर भी यह मानना गलत होगा कि सारा दोष केवल एक प्रवृत्ति या समूह का है। भारत की राजनीति में टकराव स्वाभाविक है, और कभी-कभी भावनाएं उग्र भी हो जाती हैं। इन सबसे परे परिपक्व लोकतंत्र वे हैं जो उस उग्रता को नियंत्रित कर लेते हैं, उसे बहस में ढाल देते हैं और नीति-निर्माण को प्राथमिकता देते हैं। यही वह राजनीतिक परिपक्वता है जिसे भारत को और मजबूती से अपनाने की आवश्यकता है। सरकार को जनता ने लगातार इसीलिए समर्थन दिया है क्योंकि उसका जोर रोजमर्रा की राजनीति के शोर से ऊपर उठकर परिणामों पर रहा है। जनधन योजना, जीएसटी, दिवालियापन कानून, डिजिटल पेमेंट संरचना, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, यूपीआई विस्तार, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य ढांचे का विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा पर स्पष्ट नीति। ये वो सुधार हैं, जिन्होंने भारत की विकास दिशा तय की है। यही कारण है कि जनता सरकार से यह उम्मीद करती है कि वह अपनी नीतिगत प्रतिबद्धताओं पर मजबूती से आगे बढ़ती रहे और इस प्रक्रिया में विपक्ष का सहयोग या कम से कम, उसका संवैधानिक आचरण उतना ही आवश्यक है।

संसद का समय राष्ट्र का समय है। यह किसी दल या नेता का निजी परिसर नहीं, यह 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक आकांक्षा का केंद्र है। इसलिए संसद की गरिमा केवल भाषणों में नहीं, आचरण में दिखनी चाहिए। बहसें हों, कठोर सवाल उठें, सरकार घिरे, लेकिन यह सब प्रक्रिया के भीतर हो। जब संसद रुकती है तो देश रुकता है। जब कार्यवाही ठप होती है, तो भविष्य ठहर जाता है। भारत आज निर्णायक मोड़ पर है-आर्थिक उछाल, वैश्विक भरोसा, युवाओं की बढ़ती आकांक्षाएं और तकनीकी क्रांति। ये सब संकेत देते हैं कि आने वाला दशक भारत का हो सकता है। फिर भी यह तभी संभव है जब संसद अपनी मूल भूमिका में लौटे। बहस, तथ्य, नीति और राष्ट्रहित के आधार पर निर्णय हों। सरकार अपनी उत्पादकता बनाए रखे और विपक्ष अपनी सार्थक भूमिका निभाए। लोकतंत्र की सुंदरता इसी संतुलन में है। यही वह संतुलन है, जिसे इस सत्र में पुनः स्थापित करने की आवश्यकता है, क्योंकि अंततः लोकतंत्र की वास्तविक आवाज बहस में है, शोर में नहीं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं?



संकलित
**दर्शन**

जब ईश्वर का वास हृदय में माना गया है, तो मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं? मंदिरों की स्थापना के पीछे उद्देश्य था कि पूजा, अर्चना और यज्ञ आदि द्वारा पवित्र तन्मात्रओं यानी पंचभूतों के सूक्ष्म रूप की सृष्टि की जाए। किसी साधु हृदय व्यक्ति को पूजा का कार्यभार सौंपा जाए। स्थान का मन पर अदृश्य प्रभाव पड़ता है। चिकित्सालय में व्यक्ति को हर तरफ रोग और रोगी ही दिखते हैं। स्वस्थ व्यक्ति भी वहां अशक्त महसूस करने लगता है। हमारे शरीर से प्रतिदिन शुभ या अशुभ अदृश्य सूक्ष्म शक्ति-राशि का उत्सर्जन होता रहता है। मंदिर जाने वाला व्यक्ति काम, क्रोध और आलस्य बाहर छोड़कर ईश्वर के प्रति भक्तिभाव से जाता है। यह सामूहिक भक्ति या उपासना शुभ तन्मात्रओं व तरंगों का सृजन करती है। अतः यहां आगमन दुर्बल मन वाले मनुष्यों में ऊर्जा का संचार करता है। सज्जनों से ही प्रार्थना स्थलों की पवित्रता बनी रहती है। यदि मंदिर में असाधु व्यक्तियों का आवागमन बढ़ जाए तो स्थान अपनी पवित्रता खोने लगता है। पवित्र श्रवण मास में शिवलिंग पर दुग्ध, बेलपत्र, फल-फूल आदि चढ़ाकर पुण्य अर्जित करने की होड़ लगी रहती है। यदि ईश्वर है और वह हमारी प्रार्थना से प्रसन्न होता है तो वह एक बेलपत्र, अंजुली भर दूध या एक पुष्प से भी प्रसन्न हो जाएगा। सावन के महीने से इतर भी ये दृश्य आमतौर पर मंदिरों में आम होते हैं। यदि यह व्यवस्था सुचारु न हो तो अव्यवस्था स्वाभाविक है। इसी कारण कई मंदिरों में व्यक्तिगत रूप से भोग-अर्पण की मनाही है।

# बच्चों को अच्छे संस्कार देने पर दें ध्यान



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत में दो खास परिवार हैं, पहला पांडव और दूसरा है कौरव। पांडव परिवार में कुंती और पांच पुत्र थे। जबकि कौरव परिवार में धृतराष्ट्र और गांधारी के साथ ही सौ पुत्र थे। पांडवों के पास सुख-सुविधाओं का अभाव था, जबकि कौरवों के पास सारी सुख-सुविधाएं थीं। महाभारत में कुंती अपने पांच पुत्रों के साथ वन में रह रही थीं, क्योंकि धृतराष्ट्र और दुर्योधन नहीं चाहते थे कि पांडु के पुत्रों को राज्य मिले। धृतराष्ट्र का पुत्र दुर्योधन अधर्मी था। वह बचपन से ही पांडव पुत्रों को परेशान कर रहा था। कुंती के पति पांडु शाप की वजह से मर चुके थे। पांडु की दूसरी पत्नी माद्री भी जीवित नहीं थी। इन दोनों के बाद कुंती को पांच पुत्रों का पालन करना था। तीन पुत्र कुंती के थे और दो पुत्र माद्री के थे। कुंती जानती थीं कि जंगल में तो कोई सुख-सुविधा तो मिलेगी नहीं, इसलिए कुंती ने बच्चों का पालन करते समय संस्कारों पर ज्यादा ध्यान दिया। दूसरी ओर कौरव पक्ष में धृतराष्ट्र अंधे थे, गांधारी ने भी आंखों पर पट्टी बांध ली थी। दुर्योधन और उसके भाई लगातार गलत काम कर रहे थे, लेकिन माता-पिता ने उनकी ओर ध्यान ही नहीं दिया। नतीजा ये हुआ कि सभी कौरव पुत्र अधर्मी हो गए। महाभारत युद्ध में जब श्रीकृष्ण को ये निर्णय लेना था कि किसके पक्ष में रहेंगे, तब उन्होंने धर्म मार्ग पर चल रहे पांडव पुत्रों को चुना। धृतराष्ट्र और गांधारी ने अपने पुत्रों को सुख-सुविधा की हर एक चीज दी थी, लेकिन अच्छे संस्कार नहीं दिए थे। संतान के मोह में धृतराष्ट्र ने दुर्योधन को सही-गलत का फर्क नहीं बताया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अन्याय कभी भी सहन मत करो

यदि आज हम किसी अन्य के साथ हो रहे अन्याय का विरोध नहीं करते, तो यकीन मानिए एक दिन हम स्वयं भी उसी अन्याय का शिकार अवश्य ही होंगे। यही समय है, यही पल, यही क्षण है। ये इंतजार कभी भी नहीं कीजिए, कि केवल हमारे ही साथ कहीं कभी अन्याय होगा, तभी हम किसी सड़ी हुई विकृत व्यवस्था का विरोध करेंगे। फिर उस वक्त व्यर्थ के रुदन, रोने-धोने से कोई लाभ, कोई सकारात्मक प्राप्ति होना अत्यंत ही कठिन या संभवतः असंभव हो सकता है। एक बहुत प्रसिद्ध उक्ति है कि न्याय में देरी, लगभग अन्याय के ही बराबर है। देश, समाज, दुनिया में कहीं एक जगह, किसी एक के साथ हो रहा अन्याय, हर जगह अन्याय होना भी माना जा सकता है। आम तौर पर लोग अन्याय का विरोध नहीं करते हैं, जिसके परिणाम भयंकर होते हैं। इसलिए अन्याय कभी भी सहन मत करो। – *पवन सोनी, धमतरी*

## करंट अफेयर

# अमेरिकी रक्षा नीति में भारत से व्यापक संबंध बनाने पर जोर



अमेरिका के वार्षिक रक्षा नीति विधेयक में भारत के साथ विशेषकर 'क्वाड' के माध्यम से सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया है ताकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र को मुक्त एवं खुला बनाए रखने के साझा लक्ष्य को आगे बढ़ाया जा सके और चीन से उत्पन्न चुनौतियों का सामना किया जा सके। रविवार को संसदीय नेताओं द्वारा जारी वित्त वर्ष 2026 के लिए राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकार अधिनियम (एनडीएए) में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रक्षा गठबंधनों और साझेदारियों पर अमेरिकी संसद की राय को रेखांकित किया गया है। विधेयक में कहा गया है कि रक्षा मंत्री को चीन के साथ रणनीतिक प्रतिस्पर्धा में अमेरिका की तुलनात्मक बढ़त को बढ़ाने के लिए इस क्षेत्र में अमेरिकी रक्षा सहयोगियों और साझेदारियों को मजबूत करने के प्रयास जारी रखने चाहिए। इन प्रयासों में 'भारत के साथ अमेरिकी संबंधों को व्यापक बनाना, जिसमें चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) के माध्यम से द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संबंधों तथा सैन्य अभ्यासों में भागीदारी, रक्षा व्यापार का विस्तार तथा मानवीय सहायता और आपदा प्रतिक्रिया पर सहयोग के माध्यम से एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साझा उद्देश्य को आगे बढ़ाना शामिल है।'

## ऑफ बीट


# क्या कॉफी वाकई कैफीन मुक्त होती है



डिकैफ़िनेटेड या 'कैफीन मुक्त' कॉफ़ी व्यापक रूप से उपलब्ध है, और इसकी खपत में वृद्धि होने की सूचना है। यहां आपको कैफीन मुक्त कॉफ़ी के बारे में जानने की आवश्यकता है : यह कैसे बनाई जाती है, स्वाद, लाभ – और क्या यह वास्तव में कैफीन मुक्त है। डिकैफ़ कैसे बनता है? कॉफ़ी बीन की सुगंध और स्वाद को बरकरार रखते हुए कैफीन को हटाना कोई आसान काम नहीं है। डिकैफ़ कॉफ़ी हरे, बिना भुने कॉफ़ी बीन्स से उनकी कैफीन सामग्री को हटाकर बनाई जाती है और इस तथ्य पर निर्भर करती है कि कैफीन पानी में घुल जाता है। कैफीन को हटाने के लिए तीन मुख्य तरीकों का उपयोग किया जाता है : रासायनिक सॉल्वैंट्स, तरल कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2), या विशेष फिल्टर वाला सादा पानी। इन सभी प्रसंस्करण विधियों में आवश्यक अतिरिक्त कदमों के कारण डिकैफ़ कॉफ़ी अक्सर अधिक महंगी होती है। अधिकांश डिकैफ़ कॉफी विलायक-आधारित तरीकों का उपयोग करके बनाई जाती है क्योंकि यह सबसे सस्ती प्रक्रिया है। यह विधि दो और प्रकारों में विभाजित है : प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष। प्रत्यक्ष विधि में कॉफी बीन्स को भाप में पकाना और फिर उन्हें बार-बार एक रासायनिक विलायक (आमतौर पर मेथिलीन क्लोराइड या एथिल एसीटेट) में भिगोना शामिल है जो कैफीन से बंध जाता है और इसे बीन्स से निकालता है।

## ट्रेंड

### नई चेतना का संचार



'सुप्रभातम कार्यक्रम में मैं एक विशेष हिस्से की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। यह है संस्कृत सुभाषित। इसके माध्यम से भारतीय संस्कृति और विरासत को लेकर एक नई चेतना का संचार होता है। यह है आज का सुभाषित।'
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### मन को संतुष्टि मिली



'श्री हरमंदिर साहिब में शीश नवाने के बाद मेरे मन को संतुष्टि मिली। वाहेगुरु जी, आप अपनी कृपा दृष्टि सभी पर बनाए रखें।' मैं दिल्ली के लाल किले में गुरु तेग बहादुर के 350वें शहादत दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन के बाद शुक्रिया अदा करने आई हूं।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### आप हमेशा मेरे साथ रहेंगे



धरम जी, जन्मदिन मुबारक हो..आपको गए हुए दो सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है। मैं धीरे-धीरे खुद को संभाल रही हूं। आप हमेशा मेरे साथ रहेंगे" आपके साथ बिताई जीवन की 'खुशनुमा यादें' कभी मिट नहीं सकतीं। इन पलों को याद करके बड़ा सुकून व खुशी मिलती है।
-हेमा मालिनी, सांसद

### बेहतर महसूस कर रहा



मैं अब काफी बेहतर महसूस कर रहा हूं। मुझे लगता है कि जिस दिन मैं यहां आया था, उस दिन से लेकर आज तक मैंने कौशल विकास और अभ्यास के कई सत्रों में हिस्सा लिया है। सीओई ने खेलने की अनुमति दे दी है।
-शुभमन गिल, उपकप्तान, भारतीय टी20 टीम

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# टी-20 ट्रॉफी में डेब्यू पर सबसे बड़ी पारी खेलने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने अमित पासी

एजेंसी ▶▶| बड़ौदा

### पासी ने 55 गेंद में 10 चौके और 9 छक्कों से 114 रन ठोके

बड़ौदा से डेब्यू करने वाले विकेटकीपर और सलामी बल्लेबाज अमित पासी ने 55 गेंद में 10 चौके और नौ छक्कों की मदद से 114 रन की धमाकेदार पारी खेली। इसके साथ वह सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में डेब्यू पर सबसे बड़ी पारी खेलने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए और वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ने से वह सिर्फ 1 रन दूर रह गए।

सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के मौजूदा सीजन में बड़ौदा अपनी लीग स्टेज का अंतिम और सातवां मैच खेलने उतरी। कप्तान विष्णु सोलंकी ने 25 रन बनाए, जबकि अंत में भानु पानिया ने 28 रन की पारी खेली। इन पारियों के दम पर बड़ौदा ने 5 विकेट पर



220 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। 26 साल के अमित पासी बड़ौदा के लिए अपना पहला मैच खेल रहे थे। नियमित विकेटकीपर जितेश शर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम से जुड़ चुके हैं, जिसके चलते उन्हें बड़ौदा का कैंप छोड़ना पड़ा। इस कारण अमित पासी को डेब्यू करने का मौका मिला और उन्होंने इसे दोनों हाथों से लपका। अमित पासी अब टी20 क्रिकेट में डेब्यू पर सबसे बड़ी पारी खेलने वाले संयुक्त रूप से दूसरे बल्लेबाज़ बन गए हैं। उनसे पहले 2015 में बिलाल आसिफ ने फ़ैसलाबाद में स्टैलियंस की ओर से खेलते हुए अपने टी20 डेब्यू में 114 रन बनाए थे। अब अमित पासी ने भी उसी आंकड़े को छू लिया है अगर वो एक रन और बना लेते तो डेब्यू में ही वर्ल्ड रिकॉर्ड पारी उनके नाम दर्ज हो जाती।

## राजस्थान से जीता झारखंड



ट्रॉफी के आखिरी लीग मैच में झारखंड ने राजस्थान को 36 रन से हरा दिया तो वहीं बंगाल की टीम को हरियाणा के खिलाफ हार मिली। बंगाल ने हरियाणा को 24 रन से हरा दिया। झारखंड की टीम ने 7 में से 7 मैच जीते और अंकतालिका में ग्रुप डी में 28 अंक के साथ पहले स्थान पर रहा तो वहीं हरियाणा की ये 7 में से 5वीं जीत रही और ये टीम 20 अंक के साथ ग्रुप सी में पहले स्थान पर रहा। झारखंड और राजस्थान के बीच खेले गए मैच में झारखंड ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 215 रन बनाए और इसके जवाब में राजस्थान की टीम 19.2 ओवर में 179 के स्कोर पर सिमट गई। झारखंड के लिए ओपनर विराट सिंह ने 36 गेंदों पर 5 छक्के और 4 चौकों के साथ 36 गेंदों पर 69 रन की पारी खेली तो वहीं कुमार कुशाग्र ने 37 गेंदों पर 55 रन बनाए जबकि रॉबिन मिंज ने 27 गेंदों पर 58 रन बनाए। राजस्थान के लिए करन लांबा ने 52 रन की पारी खेली तो वहीं राजस्थान के खिलाफ झारखंड के लिए सुशांत मिश्रा और अनुकूल रॉय ने 3-3 विकेट झटके।

## यूपी को हराकर बिहार ने जीता मुकाबला

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टूर्नामेंट में आखिरकार बिहार की टीम को 6 मैचों के बाद आखिरी लीग मैच में जीत मिल ही गई। इस मैच में बिहार के स्टार ओपनर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी नहीं खेले थे जिनका प्रदर्शन अगर एक शतक को छोड़ दें तो साधारण ही रहा था। बिहार ने अपना आखिरी लीग में इस टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला और इस मुकाबले में यूपी ने पहले बैटिंग की और 20 ओवर में 6 विकेट पर 124 रन ही बना पाई। बिहार को जीत के लिए 125 रन का ज्यादा मुश्किल टारगेट नहीं मिला था और इस टीम ने 19.2 ओवर में 4 विकेट पर 145 रन बनाकर मैच जीत लिया। बेशक बिहार को इस मैच में जीत मिली, लेकिन ये टीम अगले दौर से पहले ही बाहर हो चुकी है।



## विदर्भ ने आंध्र को हराया, यश ठाकुर ने झटके चार विकेट

**लखनऊ।** विदर्भ ने तेज गेंदबाज यश ठाकुर के चार विकेट की मदद से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए के अंतिम दौर के मैच में आंध्र को 19 रन से पराजित किया। आंध्र की टीम ग्रुप ए से मुंबई के साथ पहले ही अगले दौर में अपनी जगह सुरक्षित कर चुकी है लेकिन अंतिम मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 154 रन बनाए। इसके जवाब में आंध्र की टीम नौ विकेट पर 135 रन नहीं बना सकी। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ठाकुर ने 22 रन देकर चार विकेट लिए। उन्होंने पहले मैच में पांच विकेट लिए थे और इस तरह से कुल 18 विकेट लेकर प्रतियोगिता में अपने अभियान का समापन किया। विदर्भ की पारी अमन मोखड़े (50) और विकेटकीपर बल्लेबाज अक्षय वाडकर (41) के इर्द-गिर्द घूमती रहीं।

---

## खबर संक्षेप



### बल्लेबाजी मजबूत करने के लिए लियोन को बाहर किया: स्मिथ

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ ब्रिस्बेन में खेले गए दूसरे एशेज टेस्ट में नाथन लियोन को अंतिम एकादश से बाहर रखने पर उठे विवाद को शांत करने की कोशिश करते हुए कहा कि यह फैसला बल्लेबाजी क्रम को मजबूत करने के लिए लिया गया था और स्पिन गेंदबाजी के इस दिग्गज के खिलाफ कोई व्यक्तिगत शिकायत नहीं थी। यह पिछले 13 साल में पहला अवसर था जबकि लियोन को घरेलू टेस्ट मैच से बाहर किया गया। इस स्पिनर ने इसके बाद कहा था कि उनका मूड बेहद खराब है। ऑस्ट्रेलिया की चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा था कि लियोन को केवल इस मैच के लिए बाहर किया गया। उन्होंने एडिलेड में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए इस 38 वर्षीय स्पिनर को अंतिम एकादश में जगह देने की गारंटी दी थी।

### आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में भारत को मिले छह पदक

**दोहा।** निशानेबाज जोरावर सिंह संधू पुरुषों के ट्रैप फाइनल में शुरुआती 10 शॉट में सात हिट के साथ सातवें स्थान पर रहे जबकि भारत ने आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में दो स्वर्ण सहित छह पदक के साथ अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ अभियान का अंत किया। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता जोरावर लुसैल निशानेबाजी परिसर में शॉटगन प्रतियोगिताओं के आखिरी दिन अकेले भारतीय प्रतिस्पर्धी थे। जोरावर ने क्वालीफाइंग में 125 में से 119 अंक के साथ छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें अब नए आईएसएसएफ नियमों के अनुसार पहले के छह के बजाय आठ निशानेबाजों ने जगह बनाई।

### अभी भी पदक जीतने का एक मौका : कोच श्रीजेश

**चेन्नई।** सात बार की चैंपियन जर्मनी के हाथों सेमीफाइनल में 1-5 से करारी हार के बाद नौ साल बाद जूनियर विश्व कप जीतने का सपना टूटने के बावजूद भारतीय टीम के मुख्य कोच पीआर श्रीजेश ने कहा कि अभी भी टीम के पास पदक जीतने का एक मौका है और इसे गंवाना नहीं है। भारतीय टीम अब दस दिसंबर को कांस्य पदक के मुकाबले में अर्जेंटीना से खेलेगी जबकि फाइनल में स्पेन की टक्कर जर्मनी से होगी। सेमीफाइनल हारने के बाद श्रीजेश ने कहा, 'यह दिन खराब नहीं था लेकिन टीम अच्छा नहीं खेल सकी। हमारी जो अपेक्षाएं थी, हम उस स्तर पर खेल नहीं पाए। जब आप जूनियर विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट का सेमीफाइनल खेल रहे हैं तो आसान मौके नहीं दे सकते।' उन्होंने कहा,'हमे काफी मौके मिले लेकिन हम भुना नहीं सके। पेनल्टी कॉर्नर भी एक ही मिला जिस पर गोल तो हुआ लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। कई बार विरोधी टीम बहुत अच्छा खेलती है तो आप बेसिक चीजें करना भूल जाते हैं।



---

### अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों की शुरुआत करेगी टीम इंडिया

# भारत-द.अफ्रीका के बीच पहला टी20 आज, शुभमन और हार्दिक की वापसी

एजेंसी ▶▶| कटक

शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या की वापसी से मजबूती हासिल करने वाली मौजूदा टी20 विश्व चैंपियन भारतीय टीम 9 दिसंबर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच के साथ अगले साल स्वदेश में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों की शुरुआत करेगी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली यह श्रृंखला फरवरी में होने वाले विश्व कप के लिए भारत की औपचारिक तैयारी का आगाज है।

विश्व कप से पहले भारतीय टीम 10 टी20 मैच खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका के बाद वह न्यूजीलैंड के खिलाफ भी पांच मैच की श्रृंखला खेलेगी। भारतीय टीम इन दोनों श्रृंखला में स्पष्ट नजरिए के साथ उतरेगी, जिसमें इसका मुख्य लक्ष्य विश्व कप से पहले खिलाड़ियों की भूमिका तय करना और उपयुक्त संयोजन तैयार करना होगा। विश्व कप में भारत अपना पहला मैच 7 फरवरी को वानखेड़े में अमेरिका के खिलाफ खेलेगा।

### भारत ने टी20 में किया दमदार प्रदर्शन

पिछले वर्ष विश्व कप जीतने के बाद से भारत ने टी20 में दमदार प्रदर्शन किया है। विश्व कप में उसने लगातार आठ मैच जीतकर खिताब जीता था। तब से भारत ने अपनी जीत का आंकड़ा 26 मैच तक पहुंचा दिया है, जिसमें एशिया कप में लगातार सात मैच जीतना भी शामिल है। इस बीच भारतीय टीम को केवल चार मैच में हार मिली। इस अवधि में भारतीय टीम ने कोई टी20 श्रृंखला नहीं हारी है और अब उसका लक्ष्य उस टीम के खिलाफ अपनी धार को और अधिक मजबूत करना होगा, जिसे उसने टी20 विश्व कप फाइनल में हराया था।

मैच शाम 7 बजे से शुरू



### गिल के कार्यभार प्रबंधन पर कड़ी नजर

गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच में गर्दन में अकड़न के कारण बाहर हो जाने के बाद वापसी कर रहे हैं। पिछले आईपीएल से लगातार क्रिकेट खेलने के कारण और भारत के आगामी व्यस्त सत्र को देखते हुए उनके कार्यभार प्रबंधन पर कड़ी नजर रखी जाएगी। लेकिन 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 29.89 की औसत से 837 रन बनाने वाले गिल के लिए यह श्रृंखला आईसीसी प्रतियोगिता से पहले अच्छी तैयारी करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। गिल की वापसी से अभिषेक शर्मा के साथ उनकी मजबूत सलामी जोड़ी बनेगी।



### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्क्रम (कप्तान), ओटनिल बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, क्विंटन डी कॉक, डोनोवन फेरेरिया, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, जॉर्ज लिंडे, केशव महाराज, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नोर्किया, ट्रिस्टन स्टब्स।

### भारत-अफ्रीका टी20 मैचों के टॉप 5 बैटर्स

| | |
|---|---|
| डेविड मिलर | 524 रन |
| रोहित शर्मा | 429 रन |
| विराट कोहली | 394 रन |
| सूर्यकुमार यादव | 372 रन |
| क्विंटन डिकॉक | 351 रन |

### अभिषेक का शानदार प्रदर्शन



अभिषेक शर्मा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ अब तक कुल 4 टी20 मुकाबले खेले हैं। इन मैचों में उन्होंने इस टीम के खिलाफ 56 गेंदों का सामना करते हुए 97 रन बनाए हैं। उनका औसत 24.25 का रहा है जबकि स्ट्राइक रेट 173.21 का है, जो काफी बेहतरीन है। इस टीम के खिलाफ अभिषेक ने एक अर्धशतकीय पारी खेली है और बेस्ट स्कोर 50 रन है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ 4 मैचों में अभिषेक ने 7 चौके और 9 छक्के लगाए हैं।

## संकट में न्यूजीलैंड, टेस्ट सीरीज से 3 खिलाड़ी बाहर



**क्राइस्टचर्च।** वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बीच न्यूजीलैंड की टीम संकट में है। मैट हेनरी, नाथन स्मिथ और मिचेल सेंटनर शेष सीरीज से बाहर हो गए हैं। राइट आर्म मीडियम बॉलर क्रिश्चियन क्लार्क को न्यूजीलैंड के खेमे में शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज मैट हेनरी काफ इंजरी से जूझ रहे हैं, जबकि नाथन स्मिथ को साइड इंजरी है। ये दोनों ही खिलाड़ी क्राइस्टचर्च में सीरीज के पहले टेस्ट के दौरान घायल हो गए थे। वहीं, ऑलराउंडर मिचेल सेंटनर अपनी ग्रोइन की समस्या से पूरी तरह उबर नहीं सके हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने अपने 'एक्स' हैंडल पर लिखा, "नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के गेंदबाज क्रिश्चियन क्लार्क वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले वेलिंगटन में टेस्ट टीम में शामिल होंगे। क्रिश्चियन आपका स्वागत है। मैट हेनरी, नाथन स्मिथ और मिचेल सेंटनर वेस्टइंडीज के विरुद्ध शेष टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। इन खिलाड़ियों को बहुत जल्द वापस देखने का इंतजार है।"

### पॉवेल की धमाकेदार पारी, दुबई कैपिटल्स ने अबूधाबी को हराया

**दुबई।** वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाज रोवमैन पॉवेल की धमाकेदार पारी की मदद से दुबई कैपिटल्स ने अबूधाबी नाइट राइडर्स को 83 रन से हराकर आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे सत्र में अपनी पहली जीत दर्ज की। पॉवेल ने 52 गेंदों पर नाबाद 96 रन बनाए जिसमें आठ चौके और चार छक्के शामिल हैं। उन्होंने जॉर्डन कॉक्स (32 गेंदों पर 52 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी की, जिससे दुबई कैपिटल्स ने खराब शुरुआत से उबरते हुए चार विकेट पर 186 रन बनाए। इसके जवाब में नाइट राइडर्स की टीम 15.3 ओवर में 103 रन पर ढेर हो गई और दुबई कैपिटल्स ने आसान जीत हासिल की।

---

स्पेनिश फुटबॉल

## 9 खिलाड़ियों के साथ खेला रियाल मैड्रिड, घरेलू मैदान पर मिली हार



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

रियाल मैड्रिड को 9 खिलाड़ियों के साथ खेलने की भारी कीमत चुकानी पड़ी और वह स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में सेल्टा विगो के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-2 से हार गया।

रियाल मैड्रिड की अपने घरेलू मैदान सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में इस सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में यह पहली पराजय है। इससे वह बार्सिलोना से खिताब की दौड़ में भी पिछड़ गया है। रियाल मैड्रिड ने दूसरे हाफ में जल्दी ही गोल खा लिया। इसके बाद उसके दो खिलाड़ियों फ्रान गार्सिया और अल्वारो कैरेरास को रेड कार्ड दिखाए गए, जिसके कारण उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। मैड्रिड के बेंच पर बैठे खिलाड़ी एंड्रिक को भी शिकायत करने पर रेड कार्ड दिखाया गया। विलियट स्वेडबर्ग ने 54वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट के पास से एक बेहतरीन फ्लिक से सेल्टा विगो के लिए पहला गोल किया।

### फीफा विश्व कप 2026 मैचों के दोनों हाफ में होगा तीन-तीन मिनट का 'हाइड्रेशन ब्रेक'

**ज्यूरिख।** फीफा ने अगले साल होने वाले विश्व कप के हर मैच में दोनों हाफ में तीन मिनट का 'हाइड्रेशन ब्रेक (पानी पीने या तरल पदार्थ के सेवन के लिए) ' रखने का फैसला किया है। रेफरी मैच के प्रत्येक हाफ में 22 मिनट पूरे होने पर खिलाड़ियों के पानी पीने के लिए खेल रोक देंगे। यह तापमान, मेजबान देश (अमेरिका, कनाडा या मैक्सिको), या स्टेडियम में छत और एयर कंडीशनिंग होने या न होने पर निर्भर नहीं करेगा। इस बदलाव से प्रसारकों को भी फायदा मिलेगा क्योंकि उन्हें मैच के दोनों हाफ में तीन मिनट की रुकावट के बारे में पहले से पता होगा। फीफा ने कहा कि यह फैसला 2026 विश्व कप के मुख्य टूर्नामेंट की संचालन समिति के प्रमुख मनोलो जुबिरिया की प्रसारकों के साथ एक बैठक में लिया गया था।

## शाकिब का कबूलनामा, कहा जानबूझकर की थी चकिंग

**लंदन।** बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने स्वीकार किया कि शारीरिक थकान के कारण उन्हें सरे की तरफ से खेलते हुए इंग्लिश काउंटी मैच के दौरान जानबूझकर चकिंग (गलत एक्शन से गेंदबाजी करना) का सहारा लेना पड़ा। बाएं हाथ के स्पिनर शाकिब अल हसन को इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की ओर से आयोजित की जाने वाली सभी प्रतियोगिताओं में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया गया था। पिछले दिसंबर 2024 में लॉफबोरो विश्वविद्यालय में एक स्वतंत्र जांच में शाकिब अल हसन के गेंदबाजी एक्शन को अवैध पाया गया था। अंपायरों ने टांटन में समरसेट के खिलाफ सरे के प्रथम श्रेणी मैच के दौरान शाकिब अल हसन के गेंदबाजी एक्शन को लेकर शिकायत की थी। इस मैच की दो पारियों में शाकिब अल हसन ने लगभग 65 ओवर गेंदबाजी की थी।



# जीत के बाद टीम इंडिया को मिली सजा रायपुर वनडे में कर बैठी ब्लंडर

एजेंसी ▶▶| दुबई



- भारतीय टीम ने टारगेट से दो ओवर कम फेंके
- स्लो ओवर रेट की वजह से जुर्माना, भारतीय प्लेयर्स की 10% फीस कटी

साउथ अफ्रीका के विरुद्ध वनडे सीरीज 2-1 से जीतने के बाद भारतीय टीम पर जुर्माना लगा है। रायपुर में 3 दिसंबर को खेले गए दूसरे वनडे मुकाबले में धीमे ओवर-रेट के लिए टीम इंडिया पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

आईसीसी की ओर से जारी बयान में कहा गया, खिलाड़ियों और प्लेयर सपोर्ट स्टाफ के लिए आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनकी टीम की ओर से निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम फेंकने पर मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। केएल राहुल की कप्तानी में भारतीय टीम ने टाइम अलाउंस को ध्यान में रखते हुए टारगेट से दो ओवर कम फेंके, जिसके बाद आईसीसी एलीट पैनल के मेंबर रिची रिचर्डसन ने यह सजा सुनाई। केएल राहुल ने गलती स्वीकार करते हुए प्रस्तावित सजा पर सहमति जताई, जिससे आधिकारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर रोड टकर और रोहन पंडित, तीसरे अंपायर सैम नोगास्की और चौथे अंपायर जयरमन मदनगोपाल ने आरोप लगाए थे।

### जूनियर महिला हॉकी वर्ल्ड कप में टॉप-10 की उम्मीद बरकरार

# भारत की दमदार वापसी: वेल्स को 3-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| सैंटियागो (चिली)

क्वार्टर फाइनल की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके भारत ने एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता के नौवें से 16वें स्थान के क्लासिफिकेशन मैच में वेल्स पर 3-1 की शानदार जीत के साथ शीर्ष 10 में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। चिली के सैंटियागो में खेले गए मैच में भारत की ओर से हिना बानो (14वें मिनट), सुनलिता टोप्पो (24वें) और इशिका (31वें) ने गोल किए। वेल्स के लिए एलोइस मोट (52वें) ने गोल किया।

### हिना, सुनलिता, इशिका ने दागे गोल



### भारत क्वार्टर फाइनल की रेस से पहले ही बाहर

भारतीय महिला जूनियर हॉकी टीम क्वार्टर फाइनल की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। वेल्स के खिलाफ मैच में भारत ने मैच पर शुरू से ही दबदबा बनाए रखा। भारत को पहले 30 सेकंड में ही पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। भारतीय खिलाड़ियों ने कई मौके बनाए, लेकिन शुरुआत में गोल नहीं कर पाईं। वेल्स को भी इस बीच पेनल्टी स्ट्रोक के जरिए बढ़त बनाने का मौका मिला, लेकिन भारतीय गोलकीपर निधि ने उनके खिलाड़ियों के प्रयास विफल कर दिए और स्कोर बराबर बनाए रखा।

### दूसरे हाफ तक भारत ने दागे 3 गोल

भारत ने दूसरे हाफ के शुरू में ही अपनी बढ़त 3-0 कर ली, जब वेल्स की गोलकीपर से मिले रिबाउंड पर इशिका ने गोल कर दिया। भारत ने लगातार मौके बनाते हुए वेल्स को उसके ही हाफ में पीछे धकेलते हुए तीसरा क्वार्टर समाप्त किया। भारत चौथे और अंतिम क्वार्टर में भी गोल करने के लिए प्रयास करता रहा।

### वेल्स ने 52वें मिनट में किया गोल

दूसरी तरफ वेल्स को एक मौका मिला और एलोइस मोट (52वें मिनट) ने इसका फ़ायदा उठाते हुए अपनी टीम के लिए एकमात्र गोल किया। भारत का अगला मुकाबला 9 दिसंबर को उरुग्वे से होगा। इस मैच में जीत दर्ज करने वाली टीम ओवरऑल सूची में नौवें स्थान के लिए, जबकि हारने वाली टीम 11वें स्थान के लिए मैच खेलेगी।




## केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बोले

# यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स भारत में जल्द शुरू करेगी कैंपस

**धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि दोनों देश अपनी शैक्षिक साझेदारी को नई ऊर्जा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसमें दोनों देशों के उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग, रणनीतिक क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान वित्तपोषण, शैक्षिक एवं अकादमिक गतिशीलता को बढ़ावा देना शामिल है**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्व की टॉप-20 यूनिवर्सिटियों में शुमार ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स (यूएनएसडब्ल्यू) जल्द ही भारत में अपना कैंपस शुरू करने जा रही है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अनुसार यह ऑस्ट्रेलिया का एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय है, जो क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में शीर्ष-20 उच्च शिक्षण संस्थानों में शामिल है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आधिकारिक जानकारी साझा करते हुए बताया कि यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स भारत में अपना परिसर स्थापित करने की दिशा में कदम बढ़ा चुकी है। दरअसल, धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के शिक्षा मंत्री जेसन क्लेयर और सहायक मंत्री जूलियन हिल से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्षों और मित्रों से मिलकर उन्हें अत्यंत खुशी हुई।

*दोनों देश शैक्षिक एवं अकादमिक ऑपरेशन्स को बढ़ावा देंगे*

*'प्री-स्कूल से लेकर पीएचडी' तक शिक्षा क्षेत्र में करेंगे सहयोग*

### शिक्षा क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहभागिता की समीक्षा की



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात करते ऑस्ट्रेलिया के शिक्षा मंत्री जेसन क्लेयर (मध्य में)।

धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक में शिक्षा, नवाचार और अनुसंधान के क्षेत्रों में भारत-ऑस्ट्रेलिया के मौजूदा सहयोग की समीक्षा की गई। साथ ही 'प्री-स्कूल से लेकर पीएचडी' तक शिक्षा क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहभागिता को और मजबूत करने पर गहन चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि भारत के लिए छात्रों में आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देना और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-रेडी पीढ़ी तैयार करना प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। बैठक के दौरान उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई शिक्षा मंत्री जेसन क्लेयर के साथ मिलकर यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स को लेटर ऑफ इंटेंट भी सौंपा।

### दोनों देश ज्ञान साझेदारी को सशक्त करेंगे

प्रधान ने यूएनएसडब्ल्यू को बधाई देते हुए भारत में उसका स्वागत किया और इसे भारत-ऑस्ट्रेलिया ज्ञान साझेदारी को और सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देश अपनी जीवंत शैक्षिक साझेदारी को नई ऊर्जा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसमें दोनों देशों के उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग, रणनीतिक क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान वित्तपोषण और दो-तरफा शैक्षिक एवं अकादमिक गतिशीलता को बढ़ावा देना शामिल है। उन्होंने बताया कि तीसरी ऑस्ट्रेलिया-भारत शिक्षा एवं कौशल परिषद की बैठक में शिक्षा परिदृश्य के रूपांतरण और दोनों देशों के उज्ज्वल भविष्य को आकार देने को लेकर महत्वपूर्ण विचार-विमर्श हुआ।

### बैठक में विशेषज्ञ शामिल हुए

बता दें, शिक्षा मंत्रालय 8 और 9 दिसंबर को नई दिल्ली में उच्चस्तरीय ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी कर रहा है। तीसरी ऑस्ट्रेलिया-भारत शिक्षा एवं कौशल परिषद बैठक की सह-अध्यक्षता भारत की ओर से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने की, जबकि ऑस्ट्रेलिया की ओर से शिक्षा मंत्री जेसन क्लेयर और कौशल एवं प्रशिक्षण मंत्री एंड्रयू जाइल्स ने सह-अध्यक्षता की। बैठक में स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा और कौशल पारिस्थितिकी तंत्र के विशेषज्ञ शामिल हुए। चर्चा के प्रमुख विषयों में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा, शिक्षक प्रशिक्षण व पेशेवर विकास, सहयोगी अनुसंधान और कुशल कार्यबल निर्माण शामिल रहे।

### 4 आरोपियों की हिरासत बम धमाके बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 10 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले के पास हुए कार विस्फोट मामले के सिलसिले में गिरफ्तार तीन डॉक्टरों और एक मौलवी की एनआईए हिरासत की अवधि सोमवार को चार दिन के लिए बढ़ा दी। चारों आरोपियों- डॉ. मुजम्मिल गनई, डॉ. अदील राथर, डॉ. शाहीना सईद और मौलवी इरफान अहमद वागे- की 10 दिन की एनआईए हिरासत की अवधि सोमवार को समाप्त हो रही थी, जिसके मद्देनजर उन्हें अंजू बजाज चांदना के समक्ष पेश किया।



### थाईलैंड ने कंबोडियाई सीमा पर किया हमला

**बैंकॉक।** थाईलैंड ने सोमवार को कंबोडिया के खिलाफ एयरस्ट्राइक शुरू कर दी, जिसके बाद दक्षिण-पूर्व एशियाई पड़ोसियों के बीच युद्ध की एक नई दौड़ शुरू हो गई है। वहीं, दोनों पक्षों की तरफ से एक-दूसरे पर आरोप लगाया जा रहा है। थाई सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल विन्थाई सुवारी ने कहा कि एयरस्ट्राइक कंबोडियाई मिलिट्री इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाकर किए गए थे। थाई सेना के प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि कंबोडिया ने पहले थाईलैंड पर हमला किया था, जिसमें उसके सैनिक मारे गए।

### स्टारलिंक सेवा का शुल्क 8600 रु. प्रति माह होगा

**नई दिल्ली।** एलन मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट कंपनी स्टारलिंक की भारत में शुरुआत हो गई है। स्टारलिंक ने भारत में अपनी वेबसाइट लाइव कर दी है। स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस के लिए 8600 रुपए प्रतिमाह चार्ज करेगी। इसमें 34,000 रुपए की कीमत के हार्डवेयर की कॉस्ट भी शामिल है। कंपनी एक महीने के फ्री ट्रायल के साथ अनलिमिटेड डेटा भी ऑफर करेगी।

## अमेरिकी कांग्रेस के नेताओं ने राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम (एनडीएए) जारी किया

# अमेरिका की परमाणु और हिंद-प्रशांत रणनीतियों में भारत प्रमुख भागीदार

*क्वाड के जरिए भारत के साथ सहयोग बढ़ाने पर जोर*

सैन्य अभ्यास, रक्षा व्यापार और समुद्री सुरक्षा में साझेदारी बढ़ाएं | चीन की चुनौती का सामना करने के लिए भारत को करें तैयार

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी कांग्रेस के नेताओं ने वित्त वर्ष 2026 के लिए राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम (एनडीएए) का संयुक्त मसौदा जारी किया है। इस अधिनियम में भारत को अमेरिका की कई रणनीतियों- जैसे नागरिक परमाणु सहयोग, रक्षा सह-उत्पादन और समुद्री सुरक्षा में विशेष स्थान दिया गया है। यह बिल छह दशकों से हर साल पारित होता आया है और इस सप्ताह के अंत में इसके हाउस से पारित होने की उम्मीद है। एनडीएए में भारत को इंडो-प्रशांत क्षेत्र और परमाणु नीति में महत्वपूर्ण भूमिका दी गई है। विधेयक में कहा गया है कि अमेरिका के रक्षा मंत्री को ऐसे प्रयास जारी रखने चाहिए जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी रक्षा गठबंधनों और साझेदारियों को मजबूत करें, ताकि चीन के साथ रणनीतिक प्रतिस्पर्धा में अमेरिका का 'तुलनात्मक लाभ' बढ़ाया जा सके। विधेयक में कहा गया है कि अमेरिका भारत के साथ उसकी परमाणु दायित्व नीति पर निरंतर बातचीत करेगा और भारत को उन चुनिंदा देशों में शामिल करेगा जो चीन की चुनौती का सामना करने के लिए नई रक्षा व्यवस्था तैयार कर रहे हैं। रक्षा मंत्री को विदेश मंत्री के साथ तालमेल बनाकर एक योजना बनानी चाहिए और चलानी चाहिए।

### संयुक्त परामर्श तंत्र स्थापित करेंगे



पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फाइल फोटो

विधेयक में एक महत्वपूर्ण प्रावधान यह है कि अमेरिका और भारत मिलकर एक संयुक्त परामर्श तंत्र स्थापित करेंगे, जो 2008 के नागरिक परमाणु समझौते के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करेगा। साथ ही भारत के घरेलू परमाणु दायित्व नियमों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप लाने पर चर्चा होगी। इसके अलावा, इन मुद्दों पर द्विपक्षीय और बहुपक्षीय स्तर पर 'एक रणनीति विकसित करने' का कार्य भी इसी तंत्र को सौंपा गया है। अमेरिका को पांच वर्षों तक हर साल इस समीक्षा की रिपोर्ट कांग्रेस में पेश करनी होगी।

### भारत के साथ जुड़ाव बढ़ाने की सलाह

संसद ने यह भी कहा है कि अमेरिका को क्वाड्रिलैटरल सिक्योरिटी डायलॉग (क्वाड) सहित भारत के साथ अपना जुड़ाव बढ़ाना चाहिए, ताकि इंडो-प्रशांत क्षेत्र को स्वतंत्र और खुला रखा जा सके। इसमें सैन्य अभ्यास, रक्षा व्यापार, मानवीय सहायता और समुद्री सुरक्षा शामिल हैं। क्वाड में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। चीन को रोकने के लिए अमेरिका अपनी क्षेत्रीय उपस्थिति और साझेदारी भी बढ़ाएगा।

### भारत नागरिक परमाणु सहयोगी देश

विधेयक के अन्य हिस्सों में भारत को वैश्विक नागरिक परमाणु सहयोग में "सहयोगी देश" के रूप में चिन्हित किया गया है। कानून प्रशासन को अमेरिकी परमाणु निर्यात का विस्तार करने के लिए 10 वर्षीय रणनीति बनाने और रूस तथा चीन से होने वाली प्रतिस्पर्धा का विश्लेषण करने का निर्देश देता है। विधेयक में इंडो-प्रशांत क्षेत्र से जुड़े प्रावधानों में भारत को प्राथमिक सहयोगियों की सूची में शामिल किया गया है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया, फिलीपींस और न्यूजीलैंड भी हैं। इन देशों के साथ मिलकर रक्षा उद्योग, आपूर्ति श्रृंखला और नई तकनीकों पर संयुक्त कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। अमेरिकी रक्षा मंत्री को इस दिशा में समझौते करने, तकनीकी सहायता प्रदान करने और उद्योग तथा शिक्षण संस्थानों को जोड़ने का अधिकार होगा, ताकि संयुक्त उत्पादन और विकास को प्रोत्साहन मिल सके।

### भारतीय महासागर क्षेत्र के लिए एक विशेष राजदूत नियुक्त करें

विधेयक में भारतीय महासागर क्षेत्र के लिए एक विशेष राजदूत नियुक्त करने का प्रावधान भी है, जिसका कार्य इस क्षेत्र में अमेरिका की कूटनीति का समन्वय करना और चीन के प्रभाव का संतुलन तैयार करना होगा। इन सभी कदमों से स्पष्ट होता है कि भारत अब अमेरिका की क्षेत्रीय रणनीति का केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण साझेदार बन चुका है। हाल के वर्षों में भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग काफी मजबूत हुआ है।

## विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता बोले-

# भारत-अमेरिका कई क्षेत्रों में करीबी सहयोगी, संबंधों को करेंगे मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में भारत को प्रमुख साझेदार बताया गया है। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है और दोनों देश रक्षा, सुरक्षा, व्यापार और तकनीक सहित कई क्षेत्रों में करीबी सहयोग कर रहे हैं। भारत इन संबंधों को और मजबूत करने के लिए अमेरिका के साथ निरंतर काम करता रहेगा।

जायसवाल ने घोषणा की कि अमेरिका के नए डिप्टी ट्रेड रिप्रेज़ेंटेटिव रिक स्विट्जर 10 और 11 दिसंबर को भारत आएंगे। यह उनकी परिचयात्मक यात्रा होगी, जिसमें वे भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। दोनों देश एक निष्पक्ष, संतुलित और बहु-क्षेत्रीय व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने के लिए लगातार बातचीत कर रहे हैं।

### पाकिस्तान में लोकतंत्र कमजोर

पाकिस्तान की स्थिति पर तंज कसते हुए जायसवाल ने कहा कि भारत पड़ोसी देश में होने वाली घटनाओं पर नजर रखता है, लेकिन लोकतंत्र और पाकिस्तान साथ-साथ नहीं चलते। वहां लोकतंत्र कमजोर हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारत, ब्रिटेन सरकार द्वारा भारत-विरोधी चरमपंथी संगठनों पर की गई कार्रवाई का स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि ऐसी संस्थाएं सिर्फ भारत या ब्रिटेन नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए खतरा हैं। उन्होंने बताया कि भारत और ब्रिटेन आतंकवाद, उग्रवाद और अवैध वित्तीय नेटवर्क के खिलाफ सहयोग को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करेंगे।

### आतंकवाद के खिलाफ अमेरिका कर रहा सहयोग

प्रवक्ता ने बताया कि भारत-अमेरिका काउंटर-टेररिज्म वर्किंग ग्रुप की 21वीं बैठक 3 दिसंबर को हुई, जिसमें कई अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। दोनों देशों ने आतंकवाद विरोधी सहयोग को अत्यधिक महत्व देते हुए पनकट्टी-पहलगाम हमले और दिल्ली हमले की कड़ी निंदा की। दोनों पक्षों ने क्वाड ढांचे और एफएटीएफ के माध्यम से मल्टी-लेवल कोऑपरेशन बढ़ाने का संकल्प दोहराया। यह सहयोग भारत-अमेरिका की व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी का अहम हिस्सा बताया गया।

## रक्सौल-काठमांडू रेल प्रोजेक्ट की डीपीआर जनवरी तक होगी

नई दिल्लीनेपाल की राजधानी काठमांडू जल्द ही भारत की राजधानी दिल्ली के साथ रेल लाइन से जुड़ जाएगा। बिहार के रक्सौल और काठमांडू के बीच नई रेल लाइन प्रोजेक्ट के सर्व का काम आखिरी चरण में है, जो इस महीने के अंत तक पूरा हो जाएगा। सर्वे पूरा होने के बाद अगले साल जनवरी में डीपीआर भी तैयार कर लिया जाएगा।

प्रोजेक्ट का डीपीआर तैयार होने के बाद रक्सौल-काठमांडू रेल प्रोजेक्ट के तहत लाइन बिछाने के लिए टेंडर जारी होंगे और फिर लाइन बिछाने का काम शुरू होगा। रक्सौल से काठमांडू के बीच करीब 136 किमी लंबी रेल लाइन बिछाई जाएगी और इस पूरे प्रोजेक्ट में करीब 25,000 करोड़ रुपए का खर्च आएगा, जिसमें बढ़ोतरी भी हो सकती है। प्रोजेक्ट के तहत 136 के रूट पर 13 रेलवे स्टेशन भी बनाए जाएंगे। रेल प्रोजेक्ट



## सैन्य परिवहन विमान के रखरखाव का केंद्र अगले साल तक होगा शुरू

**नई दिल्ली ।** टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और लॉकहीड मार्टिन ने भारत में सी-130जे सुपर हरक्यूलिस सैन्य परिवहन विमान के संचालन में मदद के लिए एक नए रखरखाव, मरम्मत एवं नवीकरण (एमआरओ) केंद्र की बेंगलुरु में स्थापना की सोमवार को घोषणा की।

एमआरओ केंद्र का निर्माण 2026 के अंत तक पूरा हो जाएगा। इस केंद्र को एमआरओ संचालन के लिए पहला सी-130जे विमान 2027 की शुरुआत में मिलने की उम्मीद है। भारतीय वायु सेना फिलहाल लॉकहीड मार्टिन के 12 सी-130जे विमानों का संचालन करती है, जिन्हें दुनिया के अग्रणी सामरिक मालवाहक विमानों में से एक माना जाता है। इस अवसर पर लॉकहीड मार्टिन के सीईओ फ्रैंक सेंट जॉन ने कहा कि नया सी-130जे एमआरओ केंद्र भारत में विश्वस्तरीय रखरखाव क्षमता विकसित करेगा, सेना की तैयारियों में सुधार लाएगा। और ऐसे अवसर पैदा करेगा, जो क्षेत्रीय और वैश्विक सी-130जे संचालकों के लिए मददगार होंगे।



इस अवसर पर टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) सुकरन सिंह ने कहा कि यह मील का पत्थर एक नये केंद्र की स्थापना से कहीं अधिक है - यह खुद के रक्षा भविष्य को आकार देने की दिशा में भारत के बढ़ते आत्मविश्वास और क्षमता को दर्शाता है।

## रूस-यूक्रेन संघष विराम से पीछे हटे राष्ट्रपति ट्रंप, कहा मैं निराश...

# जेलेंस्की अमेरिकी प्रस्ताव पर हस्ताक्षर के लिए तैयार नहीं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को दावा किया कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की उनके देश द्वारा तैयार किए गए उस शांति प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार नहीं हैं जिसका उद्देश्य रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करना है। रूस और यूक्रेन के बीच मतभेदों को कम करने के उद्देश्य से शनिवार को अमेरिकी और यूक्रेनी वार्ताकारों ने तीन दिन की बातचीत अमेरिका के मियामी में पूरी की लेकिन रविवार रात पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने संकेत दिया कि वार्ता को आगे बढ़ने से रोकने वाले जेलेंस्की ही हैं।

*यूएस और यूक्रेन के बीच तीन दिन की बातचीत बेनतीजा*

*रूस के कब्जे वाले इलाकों को छोड़ने को तैयार नहीं यूक्रेन*

### शांति प्रस्ताव से रूस को दिक्कत नहीं



(बाएं से दाएं) डोनाल्ड ट्रंप, वोलोदिमीर जेलेंस्की और व्लादिमीर पुतिन

ट्रंप ने कहा कि मुझे थोड़ी निराशा है कि राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अभी तक इस प्रस्ताव को नहीं पढ़ा है, कुछ घंटे पहले तक यही स्थिति थी। उनकी टीम को यह पसंद है, लेकिन उन्होंने इसे नहीं पढ़ा। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि रूस को इससे कोई दिक्कत नहीं है लेकिन यह पक्का नहीं कि जेलेंस्की को यह ठीक लगे। वहीं, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' की योजना को सार्वजनिक रूप से मंजूरी नहीं दी है।

### जेलेंस्की अच्छे प्रचारक

डोनाल्ड ट्रंप के बड़े बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ने कहा है कि उनके पिता यूक्रेन शांति वार्ता से पीछे हट सकते हैं। दोहा फोरम में अपने संबोधन में डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ने दावा किया कि यूक्रेन रूस की तुलना में ज्यादा भ्रष्ट देश है। साथ ही उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की को भी बहुत अच्छा प्रचारक बताया।

### लंदन में यूरोपीय नेताओं से मिलेंगे जेलेंस्की

इससे पहले अमेरिका और रूस के प्रतिनिधियों के बीच मॉस्को में बैठक हुई थी। उस बैठक में भी कोई नतीजा नहीं निकल पाया था। बैठक के बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी कहा था कि बैठक में अच्छी बातचीत हुई, लेकिन शांति वार्ता पर सहमति बनाना आसान नहीं है। वहीं जल्द ही यूक्रेन राष्ट्रपति जेलेंस्की लंदन में ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के राष्ट्राध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। इससे साफ है कि यूक्रेन शांति वार्ता का मामला बेहद जटिल होता जा रहा है। यूक्रेन, रूस द्वारा कब्जाए गए इलाकों पर अपना दावा छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। यही वजह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे लेकर निराशा जाहिर की।

## मोदी जल्द करेंगे ओमान की यात्रा

# भारत के लिए ओमान का धर्मार्थ, वायुसेना के जगुआर विमानों के लिए देगा कलपुर्जे

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिम एशिया में अरब प्रायद्वीप के निकट बसे ओमान से भारत के लिए बड़ी खुशखबरी आ रही है। जिसमें यह पता चला है कि वह भारतीय वायुसेना के पुराने पड़ चुके जगुआर लड़ाकू विमानों में एक बार फिर से नई जान फूंकने के लिए कलपुर्जे देने के लिए तैयार है। दरअसल इस वक्त ब्रिटेन से लेकर जगुआर विमानों का इस्तेमाल करने वाले दुनिया के अन्य देश इन्हें अपने हवाई सैन्य बलों की सेवा से बाहर कर चुके हैं। इतना ही नहीं इनके कलपुर्जों व अन्य साजो-सामान से जुड़ी हुई कंपनियां भी अपना उत्पादन बंद कर चुकी हैं। एक जमाने में ओमान की वायुसेना भी जगुआर लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल करती थी। लेकिन अब वो भी इन्हें सेवामुक्त कर चुकी है। भारत की वायुसेना जो कि इन विमानों का आज भी इस्तेमाल कर रही है। उसे अपने मौजूदा बेड़े की मरम्मत और देखरेख के लिए कलपुर्जों की आवश्यकता है। जिसे ओमान द्वारा पूरा किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही ओमान की यात्रा करने वाले हैं। ऐसे में इस मामले को और अधिक बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री मोदी जल्द ही ओमान, जॉर्डन और इथोपिया जैसे तीन देशों की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होने वाले हैं। इथोपिया का यह उनका पहला दौरा होगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25